
10 प्रज्ञानानंद...



12 अनान्या पांडेय...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, रविवार, 02 मार्च 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -253 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# झारखंड विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम, सदन की गरिमा और विधायकों के आचरण पर हुई चर्चा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की अहम भूमिका होती है. विधायिका और कार्यपालिका के बीच समन्वय से ही विकास की रूपरेखा तय होती है, लेकिन हाल के वर्षों में जिस तरह से विधायिका की कार्यशैली और आचरण पर सवाल उठे हैं, यह निश्चित रूप से सोचने लायक है. झारखंड विधानसभा में चल रहे विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ये बातें सामने आईं. पिछले विधानसभा चुनाव में पहली बार निर्वाचित विधायकों के लिए आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, स्पीकर रबींद्रनाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह जैसे राजनेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और संसदीय परंपरा और इसकी गरिमा को बनाए रखने की जरूरत बताई. कार्यक्रम की शुरूआत स्पीकर रबींद्रनाथ महतो के संबोधन से हुई.



### नये सदस्यों से की संसदीय व्यवस्था को सीखने की अपील

स्पीकर ने सदन की कार्यव्यवस्था और सदस्यों के आचरण पर प्रकाश डालते हुए विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि सदस्य वेल में आकर अपनी बातों को मनवाने के लिए दवाब बनाने की कोशिश करते हैं जो संवैधानिक रूप से भलें ही उचित नहीं है. मगर व्यवहारिक रुप से अनुचित भी नहीं है. उन्होंने नये सदस्यों को संसदीय व्यवस्था को सीखने की अपील करते हुए कहा कि आपके आचरण से लोकतंत्र मजबूत होगा. इस मौके पर झारखंड विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य सीपी सिंह के द्वारा सदन की गरिमा बनाए रखने में विधायकों की भूमिका विषय पर व्याख्यान दी गई.

अपने संबोधन में सीपी सिंह ने अपने राजनीतिक जीवन के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि मीडिया में बने रहने के लिए लोग सदन में जिस तरह का व्यवहार करते हैं, वह उचित नहीं है. उन्होंने सदन की कार्यवाही साल में कम से कम 60 दिन चलाए जाने की वकालत की और वर्तमान सरकार से इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया. इसके अलावा उन्होंने विधायकों को शून्यकाल के दौरान शब्दों की संख्या, ध्यानाकर्षण, विधेयक जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सीखने की सलाह दी. इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लोकतंत्र और समावेशी विकास पर अपने विचार व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 24 वर्ष हो गए हैं, युवा झारखंड अपने 25वें वर्ष में है, लेकिन पहले 20 वर्षों में किसी भी सरकार ने समावेशी विकास पर ध्यान नहीं दिया. हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की वर्तमान सरकार आधी आबादी से लेकर सभी वर्ग और समाज के लोगों के लिए कई योजनाएं लेकर आई है और समावेशी विकास की रूपरेखा तय करने में सफल रही है.

### राज्यसभा उपसभापति ने समझाया संसदीय प्रणाली का महत्व

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है. इससे पहले उन्हें जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला था. उन्होंने प्रशिक्षण को लेकर चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि वह देश भविष्य के नेताओं को प्रशिक्षित करने का काम करता है, जिसे देखने का अवसर मुझे मिला है. उन्होंने कहा कि अगर दुनिया उसी गति से आगे बढ़ती रही जिस गति से आप पुरानी गति से आगे बढ़ रहे हैं तो आप इस दौड़ में शामिल नहीं हो पाएंगे और आप अतीत की चीज बन जाएंगे. यह प्रशिक्षण आपको भविष्य की योजना बनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करता है. संसदीय प्रणाली के महत्व को समझाते हुए हरिवंश ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण हमारी लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा हैं. विधानसभा का अध्यक्ष विधानसभा का संरक्षक होता है, जिसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है.

### विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर - सीएम

सदन की कार्यवाही साल में कम से कम 60 दिन किए जाने की मांग पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि जरूरत पड़ी तो इस पर भी विचार किया जाएगा. प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर विचार किया जाएगा. इससे पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है, यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता है.

हालांकि प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकतर पहली बार निर्वाचित विधायक जरूर मौजूद दिखे, लेकिन विधानसभा सचिवालय द्वारा सभी विधायकों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिए जाने के बावजूद उनकी उपस्थिति काफी कम देखी गई. गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में पहली बार निर्वाचित विधायकों की संख्या 20 है, जबकि दो बार निर्वाचित विधायकों की संख्या 24 है, तीन बार जीतने वाले सदस्यों की संख्या 17 है, चार बार जीतने वाले सदस्यों की संख्या 12 है, पांच बार जीतने वाले सदस्यों की संख्या 4 है, छह बार जीतने वाले सदस्यों की संख्या 01 है, सात बार जीतने वाले सदस्यों की संख्या 02 है तथा नौ बार जीतने वाले सदस्यों की संख्या 01 है.

## पीएम मोदी ने कहा, किसान समृद्ध हों, किसान सशक्त हों.. यही हमारा लक्ष्य है

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कृषि और ग्रामीण समृद्धि विषय पर आयोजित वेबिनार में कहा, इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था. बजट में हमारी नीतियों में जारी निरंतरता के साथ विकसित भारत के विजन में नया विस्तार भी दिखा. कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे भारत के संकल्प बहुत स्पष्ट हैं. हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हों, किसान सशक्त हों.

### पीएम ने कहा, हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे

पीएम ने कहा कि हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे. हर एक किसान को आगे बढ़ायें. कृषि विकास का पहला इंजन है. हमने अपने अन्नदाताओं को गौरवपूर्ण स्थान दिया है. हमारे दो बड़े लक्ष्य हैं, पहला, कृषि सेक्टर का विकास और दूसरा, हमारे गांवों की समृद्धि. मोदी ने कहा, पीएम किसान सम्मान निधि योजना 6 साल पहले हमने लागू की. इस योजना के तहत लगभग पौने



4 लाख करोड़ रुपए किसानों को अब तक मिल चुके हैं. यह राशि लगभग 11 करोड़ किसानों के खाते में सीधे पहुंची है.

### किसान केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने एक किसान केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, ताकि देशभर के किसानों तक इस योजना का लाभ पहुंच सके. आज भारत का कृषि उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर है. 10-11 साल पहले जो कृषि उत्पादन 265 मिलियन टन के करीब था, वो अब बढ़कर 330 मिलियन टन से ज्यादा हो गया है. कहा कि यह हमारी सरकार के बीज से बाजार तक की अप्रोच का परिणाम है.

**सीएम विधानसभा के सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में हुए शामिल**

## विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर, यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होता : सीएम

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को झारखंड विधान सभा सभागार में विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है. यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होता है. इस सदन में भले ही हम पक्ष या विपक्ष के लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग विचार रखते हों, परंतु इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से एक ऐसी मार्ग प्रशस्त होती है. जहां सभी को सदन में स्वागत के भाव से



आमंत्रित किया जाता है. सभी माननीय सदस्य जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष रखते हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा और भव्यता किसी धर्म से अछूता नहीं है. यहां सभी धर्म समुदाय के हक और अधिकार की आवाज गूंजती है.

### सीखने की कोई उम्र नहीं होती

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती. जो भी इस सदन में आते हैं, वे सीखते भी हैं और जन आकांक्षाओं को पटल पर रखते भी हैं. आज हमारी सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है. सदन की कार्यवाही में सभी माननीय सदस्यों को साथ लेकर हम इस राज्य को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए संकल्पित हैं. मुझे विश्वास है कि सभी माननीय सदस्य राज्य के विकास के लिए अपनी भूमिका का पूरी तरह से निर्वहन करेंगे.

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में उपसभापति, राज्यसभा हरिवंश, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित मंत्रीगण, विधायकगण, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मानिक लाल हेंब्रम, पी. आर. एस श्री चक्षु राय समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्री अजय कुमार गुप्ता**
**समाजसेवी गोला, रामगढ़**

**योग्य पुरुषों के लिए कोई भी कार्य अत्यंत कठिन नहीं होता, उद्योगी मनुष्यों के लिए कोई स्थान दूर नहीं होता, विद्वानों के लिए कोई देश, विदेश नहीं होता और प्रिय वचन बोलने वालों के लिए कोई व्यक्ति पराया नहीं होता।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **79,200**
चांदी (प्रति किलो) : **96,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **73,198.10**
निफ्टी :- **22,124.70**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **31** °
न्यूनतम तापमान : **20** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:09**
संध्या :- **17:52**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1791 को फ्रांसीसी आविष्कारक क्लॉड चैपे और उनके भाइयों ने सेमीफोर लाइन को पहले संकेतित किया, दृश्य संकेतों के माध्यम से संदेश भेजने की एक संकेतन प्रणाली, टावरों के साथ टावरों (प्रतिकृति चित्र) का उपयोग करके, ब्लेड या पैडल के रूप में भी जाना जाता है।**

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम हेमंत ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश को जन्मदिन की बधाई दी

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके जन्मदिन पर बधाई दी है. सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार. मरांग बुरु आपको हमेशा उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु प्रदान करें, यही कामना करता हूं.

### 2 मार्च को कोकर और आसपास के क्षेत्र में 5 घंटे तक पावरकट

**रांची।** मेंटेनेंस के कारण कोकर व आसपास के इलाकों में दो मार्च को पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. कोकर ग्रामीण फीडर में 33 केवी मेंटेनेंस का काम होने के कारण सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. इससे कोकर, चुनाभट्ठा, अयोध्यापुरी बांधगाड़ी, कोकर इंडस्ट्रियल एरिया, सामलौंग और आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे. वहीं कोकर शहरी फीडर में भी मेंटेनेंस के कारण सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. इससे लालपुर, पीस रोड, वर्धमान कंपाउंड, कांटाटोली, सर्कुलर रोड और आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे.

### सड़क दुर्घटना में दो बच्चों की मौत

**लोहरदगा।** जिला में एक बड़ा हादसा हुआ है. ट्रैक्टर पलटने से बच्चों की मौत हो गई है. यह घटना जिला के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्र की है. सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. हादसे को लेकर बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. जिला के नक्सल प्रभावित सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के शाहीघाट-ऊपर तुरियाडीह-बतरू पथ में बतरु गांव के पास ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलटने से दो बच्चों की मौत हो गई है. मृतकों की पहचान सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के ऊपर तुरियाडीह गांव निवासी सोनू लोहार के 11 वर्षीय पुत्र छोटू लोहार और स्वर्गीय कर्मदेव उरांव के 14 वर्षीय पुत्र मनीष उरांव के रूप में हुई है.









लोहरदगा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामजीवन नायक को सेवानिवृत विदाई दिया गया

# सेवानिवृत शिक्षक, शिक्षा पदाधिकारी एक लाइब्रेरी होते है : किशोर कुमार वर्मा (राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त सेवानिवृत शिक्षक )

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**मेरी पहली अभिनन्दन कुटमू स्कूल में और अंतिम विदाई भी यहीं से हुआ : रामजीवन नायक (बी ई ई ओ )**

**प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बहुत ही व्यावहारिक और लोकप्रिय रहे है :रश्मि खेस (प्रधानाध्यापिका )**




**लोहरदगा :** लोहरदगा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामजीवन नायक का सेवानिवृत विदाई समारोह राजकीय कृत प्राथमिक विद्धयालय कुटमू में किया गया` इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए प्रधानाध्यापिका रश्मि खेस ने कहा की आज तक इतना वर्षों में ऐसा व्यवहार कुशल और सामान्य व्यावहारिक शिक्षा पदाधिकारी नहीं देखी हुँ, ये सरल स्वाभाव के सीधे और शिक्षक शिक्षा हितैषी शिक्षा पदाधिकारी है मै और पूरा शिक्षा समाज इनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते है` इस अवसर पर पूर्व प्रधानाध्यापक सह राष्ट्रपति पुरुस्कार सेवानिवृत शिक्षक किशोर कुमार वर्मा ने कहा की कोई भी शिक्षक या शिक्षा पदाधिकारी सेवानिवृत होते है तो उनके पास इतना अनुभव और ज्ञान प्राप्त रहता है की वे एक लाइब्रेरी की तरह हो जाते है इनसे बहुत कुछ ज्ञान शिक्षा प्राप्त किया जा सकता है, रामजीवन नायक शिक्षक से शिक्षा पदाधिकारी बने इसलिए शिक्षकों की समस्या और कार्यों से परिचित थे इसलिए कभी भी किसी को तंग नहीं किये न किन्ही का वेतन स्थगित किये यही मोटिवेशन होता है शिक्षा में तानाशाही प्रवृति से शिक्षा का विकास असंभव है` इस अवसर पर रामजीवन नायक ने कहा की मेरी पहली पदस्थापना की सुरुवात अभिनन्दन कुटमू स्कूल से हुआ और विदाई कार्यक्रम भी इसी स्कूल से हुआ यही प्रकृति का नियम है की दुनिया गोल होती है जो दीजियेगा वापस अपने पास जरूर आता ही है, मेरे कर्म विचार और कड़ाई करने से किन्ही को तकलीफ हुआ है तो मै अपने अंतिम कार्यकाल में माफी चाहता हुँ, मै सेवानिवृत के उपरांत कृषक के रूप में घर परिवार को समय जीवन व्यतीत करूँगा` इस अवसर पर कुटमू स्कूल की छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम और विदाई गीत प्रस्तुत किया गया ` कार्यक्रम में कुटमू स्कूल की ओर से सेवानिवृत शिक्षा पदाधिकारी को शॉल ओढ़ा कर एवं उपहार देकर विदाई किया गया, इस अवसर पर प्रखंड सह जिला लेखा पदाधिकारी अनिल सिंह, सी आर पी जीतेन्द्र मित्तल, निशा गुप्ता, निधि कुमारी सिन्हा, अविराम प्रशिक्षण महाविद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षु शिक्षिकायें आदि उपस्थित थे`

## ब्लास्टिंग कर अवैध मुहानों को बंद करने का कार्य हुआ शुरू

**रामगढ़।** अवैध खनन पर रोक को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। विगत दिनों में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा मांडू प्रखंड अंतर्गत बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों को चिन्हित किया गया था। इसी क्रम में शनिवार से चिन्हित अवैध मुहानों को बंद करने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान विभिन्न मुहानों पर ब्लास्टिंग कर अवैध मुहानों को बंद किया गया।

## मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा द्वारा सात दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रामगढ़।** चेतना शाखा द्वारा अध्यक्ष श्रीमती अनु खंडेलवाल के अध्यक्षता में सात दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। आज २८ फरवरी को इस शिविर का आखरी और सातवां दिन था। 28 फरवरी शुक्रवार को निशुल्क प्राणिक हीलिंग कैंप का आयोजन किया गया। तन के साथ- साथ मन का स्वस्थ होना भी बहुत जरूरी है।इस भाग दौड़ वाली जिंदगी में सभी मानसिक शांति को भूल ही गए है और टेंशन,डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं।इस मानसिक शांति की जरूरत को समझने एवं उसे आपने ज़िंदगी में अपनाना कितना जरूरी है बताने के लिए इस कैंप का आयोजन किया गया।35 लोगों ने इसका लाभ उठाया।श्रीमती नीतू अग्रवाल की मदद से शाखा द्वारा हीलिंग कैंप का आयोजन किया गया।उन्होंने रांची से 10 प्रानिक हिलिंग के ट्रेनर और हिलर को बुलाया था जिन्होंने मिलकर सभी को हीलिंग दी*। रामगढ़ के बंधन बैंक्वेट हॉल ,दादी मंदिर के सामने में यह कैंप अच्छे से पूर्ण हुआ।शाखा सदस्यों ने भी बढ़ चढ़ कर भागीदारी दिखाई ।शाखा द्वारा कुल 14 निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जा चुका है।

## लोहरदगा वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, छापेमारी कर 50 हजार की अवैध इमारती लकड़ी जब्त

**लोहरदगा।** लोहरदगा वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी तस्करों के खिलाफ शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए आरा गांव में छापेमारी कर करीब 50 हजार रुपये मूल्य की इमारती लकड़ी जब्त की। इस अभियान के तहत विभाग ने दस पीस सखुआ चौपहल सहित अन्य बहुमूल्य लकड़ियां बरामद की हैं।वन विभाग अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी पर शिकंजा कसने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। रेंजर अरुण कुमार ने बताया कि वन अपराधियों पर नकेल कसने के लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं, जो दिन-रात छापेमारी कर रही हैं। विभाग की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि जंगलों को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर यह कार्रवाई की। इसका उद्देश्य तस्करों की गतिविधियों पर लगाम लगाना था। इस ऑपरेशन में रेंजर अरुण कुमार के नेतृत्व में प्रदीप साहू, अनूप शाहदेव, विक्की मेहता, नवीन चौहान, रमेश भगत, कमला लकड़ा, पंकज सिंह व होमगार्ड के जवान शामिल थे।लोहरदगा वन क्षेत्र में अवैध कटाई और तस्करी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए विभाग सतर्क है। वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को जंगलों में अवैध कटाई या लकड़ी तस्करी की जानकारी मिले तो तुरंत विभाग को सूचित करें। इससे न केवल प्राकृतिक संपदा की सुरक्षा होगी, बल्कि पर्यावरण संतुलन भी बना रहेगा। वन विभाग की इस कार्रवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है और आने वाले दिनों में इस तरह के और भी अभियान तेज किए जा सकते हैं।

## बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र के पतरातु प्रखंड में डीएमएफटी मद से विकास कार्यों की गंगा बह रही है- रोशन लाल चौधरी



**पतरातू।** शनिवार को पतरातू प्रखंड अंतर्गत लबगा पंचायत के केंदुआ ढीपा में डीएमएफटी फंड से सडक का शिलान्यास विधायक रोशन लाल चौधरी ,बड़कागाँव विधानसभा के द्वारा किया गया। वहीं वे स्थानीय ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। विधायक ने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान हेतु हमेशा प्रयासरत हूँ और आपकी आवाज बनकर सदन में गूँज रहा हूँ। विधायक ने बताया कि जनता का स्नेह और आशीर्वाद सदैव मुझे हिम्मत और प्रेरणा प्रदान करता रहता है। इस कार्यक्रम में जिला पार्षद राजाराम प्रजापति पूर्व जिला पार्षद मनोज राम लबगा पंचायत की मुखिया किरण यादव पूर्व मुखिया शिव प्रसाद मुंडा पूर्व उप मुखिया लालु महतो सुरेंद्र मुंडा लालमोहन मुंडा एवं सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए।

बाल श्रम से संबंधित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की हुआ बैठक

## टीम गठित कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ईट भट्टो, कारखानों, होटल सहित अन्य स्थलों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**कोई बच्चा शिक्षा से ना रहे वंचित**



**रामगढ़।** शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। उपायुक्त के द्वारा जिला स्तर पर बाल श्रम के रेसक्यू अभियान में और तेजी लाते हुए जिला के होटलों, ढाबों, ईंट भट्टो में सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक अभिषेक वर्मा के द्वारा उपायुक्त सहित उपस्थित सभी सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक चलाए गए अभियान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है वही ही 5 नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। बाल श्रम पर पूरी तरह से रोग सुनिश्चित करने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने टीम का गठन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित ईट भट्टो, कारखानो, होटल सहित अन्य स्थलों पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सचिव डालसा रामगढ़, जिला शिक्षा अधीक्षक रामगढ़, सीडब्लूसी रामगढ़, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रामगढ़, सदस्य अग्रगति उपस्थित थे।

## नंदिनी नहर जिर्णोद्धार योजना में अनियमितताएँ, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद के साथ श्रम अधीक्षक ने किया निरीक्षण

**लोहरदगाः** नंदिनी नहर जिर्णोद्धार योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की शिकायतों के बीच शनिवार को सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद और निगरानी समिति के सदस्यों की मांग पर श्रम अधीक्षक ने कार्य स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मजदूरों ने कम मजदूरी मिलने और स्थानीय लोगों को रोजगार न देने की शिकायत की।मजदूरों ने श्रम अधीक्षक को बताया कि उन्हें निर्धारित दर से कम मजदूरी दी जा रही है। वहीं, स्थानीय महिला मजदूरों को अचानक काम से हटा दिया गया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। निरीक्षण के दौरान जब श्रम अधीक्षक ने कंपनी के सुपरवाइजर से हाज़िरी रजिस्टर माँगा, तो उन्होंने उसे उपलब्ध नहीं कराया।श्रम अधीक्षक को मौके पर कई खामियाँ मिलीं। योजना स्थल पर कंपनी का कोई इंजीनियर मौजूद नहीं था, जो गंभीर लापरवाही को दशार्ता है। श्रम अधीक्षक ने सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि वह अगले दिन दोपहर 3 बजे तक मजदूरों से जुड़े सभी दस्तावेज श्रम कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा श्रम कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।यह पहली बार नहीं है जब नंदिनी नहर जिर्णोद्धार योजना में गड़बड़ियों की शिकायतें आई हैं। निगरानी समिति के सदस्यों ने पहले भी उपायुक्त, लोहरदगा को इस योजना की जाँच की माँग को लेकर आवेदन दिया था। मौके से ही उपायुक्त को दोबारा जानकारी देकर आगे की कार्रवाई की माँग की गई।निरीक्षण के दौरान सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, 20 सूत्री अध्यक्ष भंडरा डोमना उराँव, निगरानी समिति के सदस्य जफर खान, लाल विकास नाथ शाहदेव, सुखदेव उराँव, गुलाम जिलानी, नारायण उराँव, इमरान आजाद, मनोज सोन तिर्की, मनोज जगत, मनीष शर्मा, रंजन उराँव, महताब आलम, रोहित उराँव, चंदर उराँव, सोमरा उराँव, राजू टाना भगत, शकील अंसारी, ताहिर अंसारी, तबरेज असारी, सज्जाद अंसारी, राजू बाखला, मुस्लिम असारी, तारिक अनवर, जोरावर खान, शकर भगत, मुख्तार असारी, हसीबूल खान, अख्तर, बल्लू अंसारी, बिरसू उराँव, इम्तियाज अंसारी, शमशाद असारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में गर्भवती महिला सहित ट्रिपल मोटरसाइकिल सवार घायल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**सेन्हा-लोहरदगाः** सड़क दुर्घटना में गर्भवती महिला सहित ट्रिपल मोटरसाइकिल सवार सहित पांच लोग घायल हो गये.वही गर्भवती महिला को गम्भीर चोटें लगी है.जिसे प्राथमिक उपचार के पश्चात सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया.थाना क्षेत्र के रामनगर सेन्हा के समीप एन एच 143 ए पथ पर देर शाम में कोचिंग से घर जा रही 11 वर्षीय छात्रा को धक्का मरते हुए मोटरसाइकिल सवार दम्पति को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे अनियंत्रित हो गर्भवती महिला गिर कर जख्मी हो गई.दम्पति का पहचान जोगना निवासी रंजीत उराँव की पत्नी सुषमा उराँव के रूप में किया गया.और कोचिंग से घर लौट रही बच्ची का पहचान सेन्हा निवासी संजीत महतो की 11 वर्षीय पुत्री सृष्टि मेहता के रूप में किया गया.तथा दुर्घटना को अंजाम देने वाले मोटरसाइकिल जे एच 01 एफ डब्लू 8744 के चालक एवं सवार लोगो की पहचान घाघरा थाना क्षेत्र के इचा निवासी बृजमोहन उराँव का 22 वर्षीय पुत्र अजित उराँव,बिगन उराँव का 23 वर्षीय पुत्र महेंद्र उराँव तथा हरि उराँव का 17 वर्षीय पुत्र शाहीराम उराँव के रूप में किया गया.सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों एवं पुलिस की मदद से इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेजा गया.जानकारी के अनुसार बताया जाता है.कि मोटरसाइकिल सवार दम्पति साप्ताहिक कृषि बाजार लोहरदगा से जोगना घर लौट रहे थे.तभी मोटरसाइकिल सवार जे एच 01 एफ डब्लू 8744 के चालक ने शराब के नशे में लापरवाही एवं तेज रफ्तार में धक्का मार दिया जिससे गर्भवती महिला को गम्भीर चोटें आई है. तथा अन्य सभी को हल्की चोट आई है.घटना की सूचना पर सेन्हा पुलिस पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है.

## कुडू प्रखंड के बड़की चापि गोपी टोला में असामाजिक तत्वों ने पुआल में लगाई आग, किसान को हुआ भारी नुकसान

**कुडू ।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चापि गोपी टोला में शनिवार को एक बड़ी घटना सामने आई, जब असामाजिक तत्वों ने सविता देवी पति संजय राम के घर के सामने रखे पुआल में आग लगा दी। अचानक लगी इस आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घर वालों और स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरा पुआल जलकर राख हो चुका था। इस घटना से सविता देवी को भारी नुकसान झेलना पड़ा, क्योंकि पुआल उनकी जीविका का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था और उनके पशुओं के लिए चारे का मुख्य स्रोत भी था। अब पशुओं के आहार को लेकर परिवार को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन अब तक असामाजिक तत्वों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस घटना की गहन जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस तरह की घटनाएं न केवल व्यक्तिगत नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज में भय का माहौल भी पैदा करती हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर सख्त कदम उठाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# झारखंड के गर्व,भविष्य के चमकते सितारे हैं, लोहरदगा के कृष्ण चंद्र देव,पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा ।** लोहरदगा जिले से निकले अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज कृष्ण चंद्र देव अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने अपने माता-पिता दिलीप साहू एवं अनीता साहू के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री सह बिरसा आर्चरी सेंटर के संरक्षक सुदेश कुमार महतो से रांची स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस खास मुलाकात में बिरसा आर्चरी सेंटर की प्रेसिडेंट नेहा महतो, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के कोच चंचल भट्टाचार्य, और उसु बैडमिंटन के कोच भी मौजूद रहे। कृष्ण चंद्र देव न सिर्फ झारखंड, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय बन चुके हैं। अपनी अद्वितीय प्रतिभा, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड का झंडा बुलंद किया है। उनकी तीरंदाजी में शानदार पकड़ और अचूक निशानेबाजी उन्हें देश के बेहतरीन तीरंदाजों में शुमार करती है।उनकी प्रतिभा को देखकर खेल जगत के विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में कृष्ण चंद्र देव ओलंपिक और अन्य वैश्विक मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से यह साबित कर दिया है कि झारखंड की मिट्टी में छिपी खेल प्रतिभाएं पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना सकती हैं। इस विशेष मुलाकात के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कृष्ण चंद्र देव की उपलब्धियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें झारखंड का गौरवशाली तीरंदाज बताया। उन्होंने कहा, ₹झारखंड के युवा खिलाड़ियों में अपार संभावनाएं हैं, और कृष्ण चंद्र देव इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण हैं। उनका समर्पण और प्रदर्शन निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करेगा।₹मौके पर मौजूद महेंद्र सिंह धोनी के कोच चंचल भट्टाचार्य और उसु बैडमिंटन के कोच ने भी कृष्ण चंद्र देव के खेल की सराहना की। उन्होंने कहा कि कृष्ण की लगन, आत्मविश्वास और खेल के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें एक महान खिलाड़ी बनने की ओर ले जा रही है। कृष्ण चंद्र देव जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सफलता झारखंड को खेल मानचित्र पर एक नई ऊंचाई तक ले जाने का संकेत देती है। यह मुलाकात न केवल कृष्ण के लिए प्रेरणादायक रही, बल्कि राज्य के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण संदेश दे गई कि अगर जुनून और मेहनत हो, तो सपनों को हकीकत में बदला जा सकता है।झारखंड और लोहरदगा के इस प्रतिभाशाली तीरंदाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी ने शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में वे देश और राज्य के लिए और भी बड़ी उपलब्धियां हासिल करेंगे। कृष्ण चंद्र देव की इस मुलाकात ने झारखंड के खेल प्रेमियों को एक नया उत्साह दिया है और यह साबित कर दिया है कि राज्य के युवा खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ सकते हैं।

## पठारी क्षेत्र में ट्रैक्टर पलटने से दो बच्चे की मौत घटने स्थल पर हो गया



**सेन्हा-लोहरदगाः** पठारी क्षेत्र में में ईंट लोड ट्रैक्टर के पलटने से दो बच्चे की मौत घटने स्थल पर हो गया। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सरेंगदाग थाना क्षेत्र के शाहीघाट ऊपर तुरियाडीह बतरू पथ पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ईटा लदा ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर पलटने से दो बालक पेशरार प्रखंड के सरेंगदाग थाना क्षेत्र स्थित ऊपर तुरीयाडीह गांव निवासी सोनू लोहरा के 11 वर्षीय पुत्र छोटू लोहरा तथा स्वर्गीय कर्मदेव उरांव के 14 वर्षीय पुत्र मनीष उरांव की मौत घटना स्थल पर हो गया। घटने की सूचना ग्रामीणों ने शुक्रवार देर शाम सरेंगदाग पुलिस को दिया। थाना प्रभारी रामाशीष यादव ने पुलिस कारवाई करते हुए दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शनिवार को सदर अस्पताल भेज अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। बताया जाता है कि दोनों बालक ईट लोड ट्रैक्टर में चढ़ कर बतरू जा रहें थे कि रास्ते में ट्रैक्टर पलट गया। जिससे घटना स्थल पर दोनों की मौत हो गया। घटना के पश्चात ऊपर तुरीयाडीह गांव में मातम छाया हुआ है। पहाड़ी क्षेत्र एवं नक्सल प्रभावित इलाका होने के नाते पुलिस संभल कर गांव तक पहुंच कर शव को कब्जे में लिया है साथ ही बताया जाता है कि नीचे मैदानी इलाका से ईट लेकर बतरू गांव शाही घाट के रास्ते जा रहा है। थाना प्रभारी रामाशीष यादव ने कहा कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के उपरांत अंतिम संस्कार हेतु परिजनो को सौंपा जाएगा। तथा प्राथमिकी दर्ज आवेदन प्राप्त होने के पश्चात किया जाएगा।

# डॉक्टर बनने का है सपना तो इस तारीख तक कर दें आवेदन, फॉर्म भरने से पहले पढ़ लें ये डिटेल्स

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची ।** अगर आपका सपना डॉक्टर बनने का है, तो नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट यूजी) 2025 आपके लिए सुनहरा अवसर है. इस साल परीक्षा में कई अहम बदलाव किये गये हैं. इस कारण रणनीति बनाकर पढ़ाई करना और भी जरूरी हो गया है. इसके लिए सात मार्च आवेदन की अंतिम तिथि है और परीक्षा चार मई को होगी. इस रिपोर्ट में नीट यूजी 2025 के नये पैटर्न, आवेदन प्रक्रिया, सीटों की उपलब्धता और कटऑफ ट्रेंड के बारे में जानकारी दी गयी है.

**नहीं होंगे ऑप्शनल सवाल, क्लोजिंग स्कोर में आ सकती है गिरावट**

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट, नीट यूजी 2025 में आवेदन प्रक्रिया चल रही है. आवेदन की अंतिम तिथि सात मार्च तक निर्धारित है, जबकि परीक्षा चार मई को होगी. इस साल होनेवाली नीट यूजी की परीक्षा में कई बदलाव किये गये हैं. इस साल परीक्षा में 180 सवाल पूछे जायेंगे. इसमें फिजिक्स व केमिस्ट्री में 45-45 सवाल और बायोलॉजी में 90 सवाल पूछे जायेंगे. इस साल से ऑप्शनल सवालों को हटा दिया गया है. परीक्षा के लिए तीन घंटे का समय मिलेगा, जो दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगी. पिछले साल नीट यूजी की परीक्षा में 200 सवाल पूछे गये थे, जिसमें ऑप्शनल सवाल भी थे. परीक्षा के लिए तीन घंटे बीस मिनट का समय दिया गया था. मेडिकल एजुकेशन के एक्सपर्ट व बायोम संस्थान के डायरेक्टर पंकज सिंह ने बताया कि ऑप्शनल सवाल व परीक्षा अवधि के कम होने से झारखंड के मेडिकल कॉलेजों के क्लोजिंग स्कोर में भी गिरावट आयेगी. पिछले कुछ वर्षों के क्लोजिंग स्कोर के अनुसार इस साल के क्लोजिंग स्कोर में 20 से 25 अंक तक गिरावट हो सकती है.

**परीक्षा का परिणाम 14 जून को जारी होगा**

नीट यूजी की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड एक मई को जारी किया जायेगा. परीक्षा का परिणाम 14 जून को जारी हो सकता है. नीट यूजी की परीक्षा 13 भाषाओं में आयोजित की जाएगी. इसमें आवेदन शुल्क जेनरल कैटेगरी के लिए 1700 रुपए, जनरल इडब्ल्यूएस, ओबीसी के लिए 1600 रुपये, एससी-एसटी, पीडब्ल्यूडी, थर्ड जेंडर के लिए 1000 रुपये निर्धारित है. नीट यूजी की परीक्षा के माध्यम से देशभर के सरकारी व प्राइवेट मेडिकल संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, बीएचएमएस कोर्स में एडमिशन होता है.

**झारखंड के छह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 563 सीटें**

नीट यूजी के माध्यम से झारखंड के सरकारी व निजी मेडिकल संस्थानों में नामांकन की प्रक्रिया होगी. स्टेट कोटा के तहत राज्य के छह सरकारी कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल 563 सीटें हैं. इसमें स्टेट कोटा के तहत रिम्स रांची में 148 सीटें, फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज दुमका में 83 सीटें, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में 83 सीटें, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू में 83 सीटें, एमजीएम मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर में 83 सीटें और शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज धनबाद में 83 सीटें हैं.

## रांची के कोतवाली थाने का सब इंस्पेक्टर पांच हजार रिश्वत लेते अरेस्ट, एसीबी ने ऐसे दबोचा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची-**कोतवाली थाने में पोस्टेड 2018 बैच के सब इंस्पेक्टर ऋषिकांत को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते शुक्रवार को एसीबी ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी महिला थाना परिसर से हुई है. वह रातू चट्टी निवासी ओमशंकर गुप्ता से रिश्वत के रुपये ले रहे थे. एसीबी के अधिकारियों के अनुसार, ओम शंकर गुप्ता ने एसीबी में लिखित आवेदन देकर बताया था कि उसके खिलाफ छह नवंबर 2024 को आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था. इस केस में वह वर्तमान में जमानत पर हैं, लेकिन केस में गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने ओम शंकर से एक मोबाइल भी जब्त किया था. इसी मोबाइल फोन को रिलीज करने के लिए कोर्ट में एनओसी भेजने के लिए केस के अनुसंधानक सब इंस्पेक्टर ऋषिकांत ने रिश्वत की मांग की थी.

**ओम शंकर गुप्ता ने की थी शिकायत**

ओम शंकर गुप्ता ने इसकी शिकायत एसीबी से की थी. इसके आधार पर सब इंस्पेक्टर के खिलाफ 27 फरवरी को एसीबी थाना में मामला दर्ज किया गया. एसीबी ने आरोपी सब इंस्पेक्टर को ट्रैप करने की योजना तैयार की. एसीबी की टीम महिला थाना परिसर में सादा लिबास में तैनात थी. इसी दौरान सब इंस्पेक्टर गश्ती पर जा रहे थे, तब शिकायतकर्ता ने उन्हें पैसे देने के लिए महिला थाना परिसर में बुलाया. इसके बाद एसीबी ने रंगेहाथ सब इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया. शिकायतकर्ता ओम शंकर गुप्ता हटिया विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं.


## नगर निगम से आवंटित दुकानों में रखी जा रही हैं आलू प्याज की बोरियां

**रांची।** रातू रोड में करोड़ों रुपए खर्च कर वेजिटेबल मार्केट बनाया गया है. यहां पर नगर निगम ने सैकड़ों फल और सब्जी विक्रेताओं को दुकान आवंटित किया गया है. गर्मी, बरसात और ठंड के मौसम में एक छत के नीचे फल और सब्जी बेच सकते हैं. नगर निगम ने विक्रेताओं के लिए शौचालय और लाइट की भी व्यवस्था की है. खरीदार के लिए पार्किंग भी बनाया गया है. लेकिन इन दिनों वेजिटेबल मार्केट के ग्राउंड फ्लोर में अधिकांश आवंटित दुकान खाली हो गई हैं. अब यहां पर आलू, प्याज, टमाटर, खीरा और लहसुन का बोरा और पेटी रखी जा रही है. यहां पर दुकान लगाने की बजाय रोड पर दुकान लगाए जा रहे हैं. इसके कारण वेजिटेबल मार्केट के फस्ट और ग्राउंड फ्लोर में लगने वाली सब्जियों की दुकानों पर खरीदार कम पहुंच रहे हैं. इस कारण सब्जी विक्रेता खरीद के दाम से कम दाम पर बेचकर घर जा रहे हैं.मार्केट के अंदर लगाने वाले दुकानदारों ने बताया कि रोड पर सब्जी बिक रही है. नगर निगम कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. इसके कारण रोड पर बेचने वाले सब्जी विक्रेताओं का मनोबल बढ़ गया है. दोनों स्थानों पर एक ही दाम पर सब्जी मिल रही है. इसके कारण वेजिटेबल मार्केट के अंदर लगने वाले दुकानों पर ग्राहक कम पहुंच रहे हैं. मार्केट परिसर में पार्किंग भी बनाया गया है. यहां पर दस रुपये और बीस रुपये मासूल वसूली जाती है. इसके कारण भी लोग बाहर ही साग सब्जी खरीदकर जा रहे हैं.

**आलू और प्याज से भरा बोरा रखा जा रहा है**

आवंटित दुकान पर बैठकर साग सब्जी बेचने वाले स्थानो पर आलू और प्याज से भा बोरा खा जा रहा है. इसके साथ ही टमाटर, बैगन, खीरा, कद्दू, नेनुवा का पेटी भी रखा जा रहा है. क्योंकि यहां से सब्जी बेचने वाले लोग अब वेजिटेबल मार्केट के बाहर दुकान लगा रहे है.

## रमजान का चांद नजर आया, रोजा आज से शुरू



**रांची।** राजधानी में रमजान का चांद शनिवार को देखा गया. इस्लाम धमार्लंबियों में खुशी की लहर दौड़ आई. लोग एक दूसरे को गले लगाये. हाथ मिलाकर रमजान की बधाई दी. क्योंकि रमजान इस्लाम धर्म का पवित्र महीना माना जाता है. मुसलमान श्रद्धा और आस्था के साथ रमजान का उपवास रखेंगे. 30 दिनों तक इस्लाम मानने वाले लोग भूखे-प्यासे रहेंगे. अपनी आदतों को बेहतर बनाने के लिए गरीबों की मदद करेंगे. अल्लाह के करीब जाने की कोशिश करेंगे. रमजान के महीने में रोजा रखना इस्लाम धर्म के पांच स्तंभों में से एक माना गया है. रोजा सूर्योदय से पहले सहरी खाने से शुरू हो जाएगी. सूर्यास्त के बाद इफ्तार के साथ रोजा खोला खोला जाएगा. रमजान शुरू होने के बाद लोग पानी तक नहीं पीयेंगे. अपने विचारों तथा कर्मों को भी शुद्ध बनाए रखेंगे. रमजान के समय कुरान शरीफ का विशेष महत्व दिया जाएगा. इसी महीने में अल्लाह ने कुरान शरीफ का ज्ञान दिया था. रमजान में लोग ज्यादा से ज्यादा कुरान पढ़ेंगे और तरावीह की नमाज अदा करेंगे.

## झारखंड के 30 निकायों का ओबीसी सर्वेक्षण पूरा, इन्होंने एक भी नगर निकाय में नहीं पूरा किया सर्वेक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची-**झारखंड के कुल 48 नगर निकायों में 35 नगर निकायों ने 28 फरवरी तक ओबीसी सर्वेक्षण कर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को रिपोर्ट सौंप दी है. जबकि, 13 निकायों की रिपोर्ट आनी शेष है. वहीं, राज्य के 15 जिलों में 30 नगर निकायों ने ओबीसी सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया है. धनबाद, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, लातेहार, चतरा, दुमका, पाकुड़, रामगढ़, जामताड़ा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, पश्चिम सिंहभूम व गढ़वा के नगर निकायों ने पिछड़ा वर्ग आयोग को रिपोर्ट सौंप दी है.




**पांच निकायों ने सर्वे पूरा कर आयोग को दे दी है रिपोर्ट**

तीन जिलों गोड्डा, साहेबगंज व सरायकेला-खरसावां के आठ में से पांच निकायों ने सर्वे पूरा कर आयोग को रिपोर्ट दे दी है. इन जिलों के तीन निकायों में ओबीसी सर्वेक्षण अभी जारी है. इन निकायों ने तीन मार्च तक आयोग को रिपोर्ट सौंपने की बात कही है, जबकि रांची, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, देवघर व खूंटी समेत कुल छह जिलों ने एक भी नगर निकाय में सर्वे का कार्य पूरा नहीं किया है. इन निकायों ने आयोग को 10 मार्च तक रिपोर्ट देने को आश्वस्त किया है.

**लोहरदगा नगर परिषद में 41.32% हैं पिछड़े वर्ग के मतदाता**

लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग के 17,798 मतदाता हैं, जबकि निकाय में मतदाताओं की कुल संख्या 43,070 है. पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं का कुल प्रतिशत 41.32 है. वहीं, निकाय में अत्यंत पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं की कुल संख्या 6,856 है. जो कुल मतदाताओं की संख्या का 15.92 प्रतिशत है.

## प्रो अंजिला गुप्ता और प्रो दिनेश सिंह, जिन्हें झारखंड की यूनिवर्सिटीज में बनाया गया है वीसी, अभी भी ये पद हैं खाली

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची-**प्रो दिनेश कुमार सिंह को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर और प्रो अंजिला गुप्ता को कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा का कुलपति (वीसी) बनाया गया है. राज्यपाल के निर्देश पर उनके अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन मदन कुलकर्णी ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है. इनकी नियुक्ति योगदान की तिथि से तीन वर्ष तक के लिए की गयी है. योगदान से पूर्व विजिलेंस क्लीयरेंस लेना अनिवार्य है.

**दो साल से खाली थे कुलपति के पद**

दोनों विश्वविद्यालयों में कुलपति के पद लगभग दो वर्ष से खाली थे. इस वजह से संबंधित प्रमंडल के आयुक्त को कुलपति का प्रभार दिया गया था. नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में पहले डीएसपीएमयू के वीसी को प्रभार दिया गया था. बाद में प्रमंडलीय आयुक्त को वीसी का प्रभार मिला, जो 31 जनवरी 2025 को सेवानिवृत्त हो गये. इससे कामकाज पर असर पड़ने लगा था. राज्यपाल द्वारा गठित सर्च कमेटी द्वारा पहली बार मई 2023 में कुलपति व प्रतिकुलपति की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगा गया था. इसके बाद पुनः मार्च 2024 में आवेदन मांगे गये थे.

**कौन हैं प्रो दिनेश कुमार सिंह?**

प्रो दिनेश कुमार सिंह गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर (उत्तराखंड) में वेजिटेबल साइंस विभाग के प्रोफेसर हैं. वह इसी विभाग में अध्यक्ष भी रह चुके हैं. इनके कार्यकाल में यह विभाग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की श्रेणी में आया.

**कौन हैं प्रो अंजिला गुप्ता?**

प्रो अंजिला गुप्ता वर्तमान में जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की कुलपति हैं. यहां उनके तीन वर्ष के कार्यकाल के अभी चार माह बचे हुए थे. प्रो गुप्ता अर्थशास्त्र विषय की प्रोफेसर हैं. झारखंड आने से पूर्व गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी (बिलासपुर) में कुलपति थीं.

**चार वीसी और चार प्रोवीसी की नियुक्ति अभी भी बाकी**

झारखंड में विनोबा भावे विवि तथा सिदो-कान्हू मुर्मू विवि के अलावा झारखंड रक्षा शक्ति विवि तथा पंडित रघुनाथ मुर्मू जनजातीय विवि (घाटशिला) में कुलपति की नियुक्ति होनी है. वहीं, रांची विवि, नीलांबर-पीतांबर विवि, कोल्हान विवि, विनोबा भावे विवि में प्रतिकुलपति की नियुक्ति होनी बाकी है. डॉ अंजिला गुप्ता के कोल्हान विवि के कुलपति पद पर योगदान देने के बाद जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में भी कुलपति का पद खाली हो जायेगा या फिर वैकल्पिक व्यवस्था होने तक डॉ गुप्ता को ही प्रभार दिया जा सकता है.

## राज अस्पताल में छात्रा के अपेंडिक्स की सफल सर्जरी, अगले दिन दी मैट्रिक परीक्षा



**रांची।** 10वीं कक्षा की छात्रा रिदम ओझा अपने छिद्रित अपेंडिक्स की सफलतापूर्वक सर्जरी कराने के ठीक अगले दिन 28 फरवरी को बोर्ड परीक्षा में शामिल हुई. 27 फरवरी को राज अस्पताल, रांची में डॉ. आशीष कुमार मोदी (वरिष्ठ चिकित्सक और उन्नत लेप्रोस्कोपिक सर्जन) द्वारा उनकी सर्जरी की गई थी. डॉ. आशीष कुमार मोदी ने बताया कि मरीज गंभीर पेट दर्द और परेशानी के साथ आई थी. उसे टैकीकार्डिया और बुखार भी था. उन्होंने सटीक जांच के द्वारा पाया की वह छिद्रित अपेंडिक्स से पीड़ित थी. डॉ. मोदी ने लेप्रोस्कोपिक तरीके से ऑपरेशन करने का फैसला किया और सर्जरी के बाद रिदम पूरी तरह स्वस्थ और फिट थी. उसे तीव्र दर्द और परेशानी के सभी लक्षणों से राहत मिली. रिदम ओझा के माता-पिता यह जानकर बहुत चिंतित थे कि सर्जरी के ठीक एक दिन बाद उसकी बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही थीं. लेकिन उसके तेजी से ठीक होने और ऑपरेशन के बाद उसे स्वस्थ देखते हुए, उन्हें अंततः विश्वास हुआ कि रिदम अपनी परीक्षाओं में शामिल हो सकती है. राज अस्पताल की पूरी क्लिनिकल और प्रशासनिक टीम रिदम का सहयोग करने के लिए एकजुट रही. मरीज को राज अस्पताल की एम्बुलेंस में अस्पताल के चिकित्सा कर्मचारियों द्वारा परीक्षा केंद्र तक ले जाया गया और स्कूल प्रशासन ने उसकी परीक्षा के लिए विशेष व्यवस्था करके सहयोग किया. रिदम ने सफलतापूर्वक अपनी परीक्षा पूरी कर ली है और आगे की देखभाल के लिए अस्पताल लौट आई है. रिदम और उसके माता-पिता बहुत खुश हैं और डॉ. आशीष कुमार मोदी और राज अस्पताल के आभारी हैं. डॉ. आशीष कुमार मोदी ने रिदम की बहादुरी और साहस की सराहना करते हुए कहा कि उसका दृढ़ संकल्प सराहनीय है. उन्होंने यह भी कहा कि लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ओपन सर्जरी से कहीं बेहतर है, क्योंकि यह अधिक सुरक्षित है. इसमे रक्तस्राव काम होता है और मरीज तेजी से ठीक होता है.

## झारखंड पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा के लिए कब से किए जाएंगे ऑनलाइन आवेदन, कब होगी परीक्षा



**रांची-**झारखंड पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं. इसकी प्रक्रिया पांच मार्च से शुरू होगी. इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल तक आवेदन दे सकेंगे. प्रवेश परीक्षा 18 मई को होगी. यह परीक्षा रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, चाईबासा, दुमका और पलामू जिला मुख्यालय स्थित केंद्रों पर होगी. परीक्षा के चार दिन पूर्व प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा. इस संबंध में झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से सूचना जारी की गयी है. प्रवेश परीक्षा को लेकर पूरी जानकारी के लिए झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की वेबसाइट देखी जा सकती है.

**इस योग्यतावाले छात्र कर सकेंगे आवेदन**

प्रकाशित सूचना के मुताबिक प्रवेश के लिए वैसे योग्य आवेदक, जो भारत के नागरिक होने के साथ-साथ झारखंड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और योग्यता की अहर्ता पूरी करते हैं. वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम के शैक्षणिक वर्ष 2025-26 (प्रथम सेमेस्टर/प्रथम वर्ष) में नामांकन लिया जायेगा. इसके लिए शैक्षणिक योग्यता माध्यमिक/10वीं/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण है.

**ये भी कर सकते हैं आवेदन**

शैक्षणिक वर्ष 2025 की अर्हक परीक्षा माध्यमिक/10वीं समकक्ष परीक्षा में शामिल होनेवाले छात्र भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, लेकिन संस्थान में नामांकन के समय उन्हें उत्तीर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा. पर्षद की वेबसाइट पर विस्तृत सूचना देखी जा सकती है.

10 मार्च से डिजिटल हस्ताक्षर के जरिये बनेगा बनेगा ई-पासपोर्ट


## रीजनल पासपोर्ट ऑफिस ने झारखंड पुलिस मुख्यालय को लिखा पत्र

**रांची.** झारखंड सहित पूरे देश में डिजिटल हस्ताक्षर के जरिये पेपरलेस तरीके से ई-पासपोर्ट बनाना शुरू किया जायेगा. इसको लेकर मिनिस्ट्री ऑफ एक्सटर्नल अफेयर मंत्रालय ने तैयारी पूरी कर ली है. 10 मार्च को पूरे देश में एम पासपोर्ट ऐप का नया वर्जन पासपोर्ट सेवा प्रोजेक्ट वर्जन 2.0 लांच किया जा रहा है. ई-पासपोर्ट सेवा 2.0 में लेटेस्ट बायोमीट्रिक्स टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस डाटा एनालिसिस, चैट बॉट, लैंग्वेज प्रिफरेंस के साथ ही क्लाउड कंप्यूटिंग का भी प्रयोग किया जायेगा. इससे पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया आसान होगी. वहीं पहले की तुलना में डाटा ज्यादा सुरक्षित रहेगा. पासपोर्ट सेवा प्रोजेक्ट वर्जन 2.0 से पासपोर्ट बनने की प्रक्रिया में तेजी आयेगी. इसके तहत आवेदक मौके पर ही डिजिटल हस्ताक्षर कर सकेंगे. हस्ताक्षर सीधे ग्रांटिंग अफसर के पास पहुंच जायेगा. इस वजह से अप्वाइंटमेंट के समय में काफी कमी आयेगी. पुलिस वेरिफिकेशन के बाद पासपोर्ट एक सप्ताह से भी कम समय में बनकर तैयार हो जायेगा. इस संबंध में पासपोर्ट ऑफिस से झारखंड पुलिस को पत्र लिखा गया है. ई-पासपोर्ट को लेकर झारखंड पुलिस के अफसरों को ट्रेनिंग भी दी गयी है. उल्लेखनीय है कि देश में साधारण पासपोर्ट नेवी ब्लू कलर का, आधिकारिक पासपोर्ट सफेद रंग का और राजनयिक पासपोर्ट मरून कलर का होता है. लंबित आवेदन का सात मार्च तक करना होगा निपटारा : रीजनल पासपोर्ट ऑफिस की ओर से झारखंड पुलिस को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि पुलिस वेरिफिकेशन के लिए पहले से लंबित मामलों का निपटारा सात मार्च 2025 तक करने का अनुरोध किया गया है. पासपोर्ट बनवाने के लिए किन दस्तावेजों की पड़ेगी जरूरत : पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या सरकार द्वारा जारी कोई अन्य दस्तावेज, नाम, जन्मतिथि, लिंग और जन्म स्थान का विवरण आदि.

## प्रभु यीशु मसीह एक सच्चा चरवाहा: डॉ आचार्य विकास मसीह

**रांची।** बहुबाजार स्थित संत पॉल्स हाईस्कूल मैदान में दो दिवसीय आध्यमिक प्रार्थना शनिवार से शुरू हो गई. कार्यक्रम रांची धर्मजिला समिति सीएनआई द्वारा आयोजित की गई है. इसमें नौ पेरिस समेत जीईएल चर्च, संतमरिया महागिरजाघर के फादर एवं विश्वासी शामिल हुए. इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत विनती आराधना से शुरू की गई.अच्छा चरवाहा विषय पर अंतराष्ट्रीय सुसमाचारक प्रचारक डॉ आचार्य विकास मसीह ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह एक सच्चा चरवाहा हैं. क्योंकि अच्छा चरवाहा ही अपने झुंड की रक्षा करता है. सभी को शत्रु से बचाता है. सही मार्ग दिखाने के लिए अपने झुंड की अगुवाई करता है. अपनी प्रत्येक भेड़ की व्यक्तिगत रूप से संभालकर रखता है. अपनी भेड़ों के संग रहता है. उनके अकेलेपन और खालीपन को अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर दूर करता है. एक सच्चा चरवाहा अपनी भेड़ों के लिए अपने प्राण न्योछावर कर देता है. इसका सबूत हमें पवित्र बाइबल देती है.लोगो को संदेश देते हुए कहा कि बाइबल परमेश्वर की प्रतिज्ञाओं से भरी पड़ी है. उनमें एक प्रतिज्ञा परमेश्वर ने की है कि ह्लमैं तुम्हारा चरवाहा हूंह्व चरवाहा और भेड़ शब्द दोनों अलंकारिक रूप है. चरवाहा यानी अगुवा जो हमारा प्रभु यीशु मसीह है. भेड़ यानी उसकी आज्ञा मानने वाला मसीही समुदाय. वह अपने लोगों को केवल संसार की वस्तुएं और आशीषों तक सीमित नहीं रखता. प्रभु यीशु मसीह अपने साथ रहने वाले और अपनी आज्ञा का पालन करने वाले लोगों को अनंत जीवन देता है, जो दुनिया में कोई भी नहीं दे सकता.मौके पर सभापति रेव्ह सिकंदर नाग, सचिव रेव्ह एस डेविड, कोषाध्यक्ष जुनूल नाग, संयोजक आईजक रक्षित, मार्शल कुजूर, आशीष समद, मनोज मोरसा, रेव्ह विकला बाखला, सैमसन आरोहण, अतानु चौधरी, निकोदिम मरांडी, प्रदीप टूटी, समीर केरकेट्टा, फिलिप पोड़, नेलन टोपनो, मनोनीत सोके, रेव्ह ग्लोरिया डहंगा समेत अन्य मौजूद थे.

## नीतीश कुमार के 74वें जन्मदिन पर झारखंड जदयू ने मनाया सुशासन दिवस



**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 74वें जन्मदिन पर झारखंड के सभी जिलों में सुशासन दिवस का आयोजन किया गया. जेडीयू विधायक सरयू राय ने कहा कि बिहार में होने वाला विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए लड़ेगा. जिसमें जेडीयू, बीजेपी, एलजेपी रामविलास और हम शामिल होंगे. उन्होंने कहा कि एनडीए एक बार फिर बिहार में बहुमत के साथ आएगा. सांसद खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार एक ईमानदार व्यक्ति हैं, जो हमेशा जनता की सेवा और विकास कार्यों में लगे रहते हैं.

## उपायुक्त हेमंत सती ने पहाड़ों का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से की वार्ता

# सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा, रोजगार एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण के दिए निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती ने पगार पहाड़, बालको पहाड़ और भतभंगा पहाड़ का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभ प्राप्ति की जानकारी ली।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत की गई पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है या नहीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित आवासों की स्थिति का भी जायजा लिया। साथ ही विरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत किए गए पौधारोपण कार्य एवं विरसा आवास योजना के लाभुकों से मिलकर फीडबैक लिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पाया कि पहाड़ों के गांवों में आंगनबाड़ी भवन का अभाव है। आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि वह अपने निजी आवास में आंगनबाड़ी केंद्र चला रही हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर उपायुक्त ने तत्काल आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।उपायुक्त ने ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पहाड़ों पर बसे गांवों के महिलाओं एवं पुरुषों को मशरूम उत्पादन और बांस के हेड़ी क्राफ्ट की ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं और सभी को इनका लाभ मिलना चाहिए।

## नगर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति का किया शव बरामद,शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई



**साहिबगंज।** शहर के गोपालपुल के नीचे बड़े नाला से शनिवार की सुबह नगर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव का शिनाख्त गुल्ली भट्टा के कालाधर झा के पुत्र दिलीप झा 55 के रूप में किया गया है।शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।नगर थाना पुलिस के अनुसार मृतक के सिर में चोट के निशान है।सुबह ही स्थानीय लोगों ने नाले में औंधे मुंह गिरा एक का शव को देखा और नगर थाना पुलिस को सूचना दी।सूचना पाकर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व पुअनि प्रवीण प्रभाकर सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की।पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है। कि युवक प्रतिदिन शराब का सेवन करता था।पुलिस प्रथम दृष्टया उम्मीद जता रही है।कि युवक पुल से शराब के नशे में गिर गया होगा।औंधे मुंह गिरने से सिर में चोट लगने से मौत होने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।मृतक के पुत्र सुमित झा ने बताया कि उनके पिता रात में घर नहीं आए, तो उन लोगों ने खोजबीन की।सुबह पता चला कि एक शव गोपालपुल में गिरा हुआ है।आकर देखा तो शव उनके पिता की थी।इधर,पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस छानबीन कर रही है।

## युवा संगठन की रीड:प्रदेश उपाध्यक्ष निलकमल भरतिया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**बरहेट/साहिबगंज।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के बरहेट बाजार स्थित मंच कार्यालय में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष युवा निलकमल भरतीया का आगमन हुआ उनका स्वागत शाखा अध्यक्ष धीरज मोदी ने सदस्य सूची एवं उपाध्यक्ष कपीश डोकानिया ने पुष्पगुच्छ देकर किया वे यहां युवाओं से मिले एवं आगामी 22-23 मार्च को जमशेदपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन में अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता का आवाहन किया उन्होंने अधिवेशन के महत्व को बताते हुए कहा कि अधिवेशन युवाओं का महाकुंभ है यहां से युवा बहुत कुछ सीख करके जाते हैं एवं अपने-अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करते हैं वहीं आगे अपने संबोधन में श्री भरतिया ने कहा कि युवा संगठन के मजबूत स्तंभ है युवा संगठित हो एवं संगठन को और आगे बढ़ाएं वही विशेष रूप से वे बरहेट की आर्ट मास्टर वृद्धि सिंघानिया से मिले एवं वृद्धि द्वारा दिए गए योगदान हेतु वृद्धि को बधाई दिया एवं कहा कि कला को निखारने की जरूरत है मौके पर पहुंचे प्रांतीय संयोजक भाषा, संस्कृति एवं कार्यशाला साकेत छावछाडिया का स्वागत शाखा सचिव दीपक सिंघानिया ने सदस्य सूची भेंट कोषाध्यक्ष राहुल डोकानिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया वही श्री छावछाडिया ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को हमेशा अपने कल्चर को फॉलो करते हुए आगे बढ़ना चाहिए अपनी संस्कृति अपनी धरोहर को हमें कभी भूलना और छोड़ना नहीं चाहिए क्योंकि अगर संस्कृति और धरोहर है यही हमारी पहचान है और तभी हम आगे बढ़ सकते हैं मातृभाषा का सम्मान जैसी प्रमुख आवश्यक बातें उन्होंने कही उन्होंने कहा कि हमें अपने आने वाली पीढ़ी को अपने संस्कृति से अवगत कराने के लिए समय-समय पर कार्यशालाओं का आयोजन करना चाहिए और प्रयास करना चाहिए कि घरों में कम से कम हम अपने बच्चों से अपनी मातृभाषा में संवाद करें वहीं मौके पर प्रांतीय संयोजक दीपक डोकानिया अध्यक्ष धीरज मोदी सचिव दीपक सिंघानिया ,उपाध्यक्ष कपीश डोकानिया, कोषाध्यक्ष राहुल डोकानिया, लक्ष्य सिंघानिया, सहित थे।

## बुजुर्ग को मार कर किया बुरी तरह किया घायल



**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बुजुर्ग को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी छोटा पंचगढ़ निवासी राजकुमार साह उम्र 60 वर्षीय, पिता हरे राम साह, से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अपने दरवाजे के मैन गेट पर खड़ा था, इतने में शराब के नशे में मोटरसाइकिल सवार धक्का मार दिया। धक्का मारने के उपरांत मोटरसाइकिल सवार को बुजुर्ग से बोले जाने पर कि नशे की हालत में अच्छा से मोटरसाइकिल चलाओ। इतना बोलते ही नशे की हालत में मोबाइल से फोन करके कुछ युवक को बुलाकर घर में घुसकर बुजुर्ग राजकुमार साह के साथ मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग ने बताया कि एक हीरा ड्राइवर का पुत्र अजय कुमार और दूसरा युवक का पिता का नाम विद्यासागर यादव है। और सभी का नाम से परिचित नहीं है लेकिन चेहरा से सभी को पहचानते हैं। जहां घायल बुजुर्ग जिरवाबाड़ी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज की शिकायत दर्ज करने के उपरांत थाना ने इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने घायल बुजुर्ग का इलाज किया। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने छात्रों के बीच किया निशुल्क साइकिल का वितरण



**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जयंत कुमार तिवारी ने आठवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्रों के बीच निशुल्क साइकिल का वितरण किया। जानकारी के अनुसार प्रखंड की उत्क्रमित मध्य विद्यालय श्रीवास मंडल टोला के 59 छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने बताया कि स्कूली बच्चों को साइकिल मिलने से विद्यालय आने में सुविधा होगी। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन विद्यालय आने की अपील की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण के दौरान उनकी शिक्षा और भविष्य के बारे में बात की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से छात्र-छात्राओं को बहुत लाभ होगा और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होंगे। आगे कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को अब स्कूल आने जाने में कोई परेशानी नहीं उठानी होगी। इस आयोजन के दौरान, छात्र-छात्राओं ने अपनी साइकिलें प्राप्त करने के बाद खुशी और उत्साह के साथ अपने घरों को वापस लौटे। मौके पर बीआरपी बैद्यनाथ ठाकुर,शिक्षक मो.मुख्तार आलम, मनरेगा बीपीओ सत्यप्रकाश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## वित्तीय वर्ष की समाप्ति को लेकर उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**साहिबगंज।** जिला समाहरणालय स्थित गोपनीय कार्यालय में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोषागार से राशि निकासी, योजनाओं के क्रियान्वयन और लंबित राशि की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को समय सीमा के भीतर लंबित राशि की निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व सभी योजनाओं के भुगतान की प्रक्रिया पूरी हो सके।बैठक में उपायुक्त ने विभागवार मदों के तहत उपलब्ध राशि और उसकी निकासी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत लाभुकों को दी जाने वाली राशि का भुगतान समय पर हो, इसके लिए पदाधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। साथ ही विभागीय समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया।बैठक में अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल विमल सोरेन, सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला भु-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर कुमार दास, जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला उत्पाद अधीक्षक जितेंद्र कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार विन्हा, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव एवं नगर प्रशासक अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

## साहिबगंज में मेडिकल कॉलेज की हो स्थापना - विधायक.

**राजमहल/साहिबगंज।** सदन की कार्यवाही के दौरान राजमहल के विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने साहिबगंज जिला में मेडिकल कॉलेज खोलने की मांग को सदन के माध्यम से मजबूती से रखा है. उन्होंने सदन के माध्यम से कहा है कि क्षेत्र के बच्चों को मेडिकल की पढ़ाई के लिए दूर दराज जाना पड़ता है जिससे काफी परेशानियां होती है मेडिकल कॉलेज रहने से पढ़ाई के साथ-साथ इलाज में भी लोगों को काफी सुविधाएं होगी. सरकार का उत्तर सदन के माध्यम से दिया गया है कि मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं है. विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया है कि साहिबगंज जिला जो राज्य का सुदूरवर्ती इलाकों में है. राज्य की राजधानी से लगभग 550 किलोमीटर दूर है. इसलिए यहां की स्वास्थ्य व्यवस्था को और स्वास्थ्य की शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है. इसलिए यहां मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए. इधर क्षेत्रीय विधायक के माध्यम से लगातार जनहित की बहुप्रतिक्षित मांगों को सदन के पटल पर रखे जाने से आमजन ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है.

## बीडीओ ने पुस्तकालय को लेकर शिक्षकों की दी जानकारी



**बरहेट/साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र की राज्य संपोषित हाई स्कूल परिसर में गुरु गोष्ठी एवं पुस्तकालय को लेकर बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता बी ई ई ओ तरुण कुमार घाटी ने की। कार्यक्रम में प्रखंड विकास अधिकारी अंशु कुमार पांडे शामिल हुए।इस दौरान वीडियो अंशु कुमार पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड परिसर में पुस्तकालय का निर्माण कराया गया है।पुस्तकालय में प्रतियोगिता परीक्षा के साथ-साथ गरीब छात्र-छात्राओं को पढ़ाई का एक अवसर मिलेगा। पुस्तकालय के माध्यम से विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं की तैयारी करने में मदद मिलेगी।वही विद्यालय के सभी शिक्षको को सहयोग करने की अपील कि साथ ही साथ पुतकालय संचालन को लेकर क्यूआर कोड पर राशि देकर सहयोग कर सकते है।मौके पर बीपीओ सुनील मुर्मू,सीआरपी रूपक मित्र, प्रदीप भगत, के अलावा समाज सेवी अजय भगत, उत्तम चांद, ,के अलावा अन्य मौजूद थे।

## बरहरवा आरपीएफ ने 13650 रुपये के अवैध शराब को प्लेटफॉर्म से किया बरामद,जब्त

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**बरहरवा/साहिबगंज।** शनिवार को बरहरवा आरिपीएफ को विश्वसनीय स्त्रोत से सूचना प्राप्त हुई कि T/No. 15658 UP (बाराम्पुत्र मेल ) द्वारा भारी मात्रा में विदेशी शराब अवैध रूप से ले जाई जा रही है। सूचना के बाद मामले की जानकारी आईपीएफ/आरपीएफ/पोस्ट/एनएफके के साथ-साथ आईपीएफ/आरपीएफ/पोस्ट/बीएचडब्ल्यू, प्राणेश कुमार, पुत्र स्वर्गीय रामदेव तिवारी, जो आरपीएफ/पोस्ट/एनएफके/मालदा मंडल/ईआर के अंतर्गत एएसआई/आरपीएफ/ओपी/केटीजे के रूप में तैनात हैं, अब सीपीडीएस/एमएलडीटी के रूप में कार्यरत हैं, को सहायता प्रदान करने के लिए सूचित किया गया। आरपीएफ/पोस्ट/बीएचडब्ल्यू के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ट्रेन 15658 अप के अंदर गहन तलाशी जाँच अभियान शुरू कर दी, जबकि उक्त ट्रेन बीएचडब्ल्यू रेलवे स्टेशन से रवाना हो चुकी थी। सीपीडीएस/मालदा-ए टीम के अधिकारियों/कर्मचारियों ने कांस्टेबल बरुण कुमार यादव, कांस्टेबल कुमार प्रलयंकर के साथ एसआई/एल.बी.मांघी और एएसआई/सुरेश पासवान, दोनों आरपीएफ/पोस्ट/बीएचडब्ल्यू के साथ बीएचडब्ल्यू के पीएफ-1 रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप से छापेमारी सह तलाशी की और पीएफ-1 एनएफके छोर पर संयुक्त छापा मारने वाले दल को लावारिश अवस्था में काले रंग का बैग मिला इसके मालिक का पता लगाने के लिए भरसक प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसलिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद,बैग को खोला गया और पाया कि उसके अंदर ऑफिसर चॉइस व्हिस्की (टेट्रा पैक) शराब थी। 105 नग ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की (टेट्रा पैक), मात्रा 180 मिली प्रत्येक, मूल्य 130 रुपये प्रत्येक, कुल मूल्य 13,650/- रुपये, 01 काले रंग के बैग में रखे गए थे। ततपश्चात मौके पर यानी बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01, एनएफके छोर पर, बीएनएसएस'2023 में निर्धारित प्रावधान के अनुसार उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में 06.40 बजे से 07.15 बजे तक उपरोक्त शराब से युक्त एक हैंड बैग जब्त किया।इसके बाद जब्त शराब को जब्ती सूची के अनुसार आरपीएफ/पोस्ट/बीएचडब्लू में रखा जाएगा तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही के लिए साहिबगंज एक्साइज डिपार्टमेंट को सूचित किया जाएगा।

## झामुमो के प्रखंड एवं नगर के पदाधिकारी का सम्मान समारोह, संगठन सर्वोपरि ,पार्टी कार्यकर्ता संगठन की रीढ - मो मारूफ.



**राजमहल/साहिबगंज।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राजमहल नगर एवं प्रखंड कमेटी के साथ-साथ पंचायत एवं नगर के वार्ड अध्यक्ष सचिव का सम्मान समारोह शनिवार को स्थलीय निरीक्षण भवन में आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू व जिला संयोजक मंडली के सदस्य अब्दुल बारिक शेख शामिल हुए. राजमहल प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, प्रखंड सचिव दुर्गा मंडल, नगर अध्यक्ष मो अजहरुद्दीन उर्फ आजाद , नगर सचिव स्मित चौरसिया सहित नगर क्षेत्र के 14 वार्ड के वार्ड अध्यक्ष एवं सचिव , प्रखंड के 23 पंचायत के अध्यक्ष सचिव समारोह में शामिल हुए . सभी को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया. विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन की रीढ है.सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन के कार्यकताओं के माध्यम से पहुंचने का कार्य हम सभी पार्टी कार्यकर्ता करेंगे. जिला संयोजक मंडली के सदस्य ने कहा कि पद के माध्यम से संगठन का संचालन करना एक प्रक्रिया है लेकिन संगठन की दृष्टि में एक-एक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है इसलिए एक मत होकर एकजुट होकर संगठन के कार्यों को मजबूती से निष्पादन करना है. मौके पर मो केताबुददीन शेख, विकास यादव, मो हेना, अब्दुल कादिर, बासुदेव मंडल, रमजान शेख सहित अन्य मौजूद थे.

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय उत्तर पलाशगाछी में 326 बच्चों में से एक भी बच्चा नही मिला उपस्थित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**सरकारी विद्यालय के बच्चे पढ़ रहे हैं निजी स्कूलों में, गंभीर मामला,हो उच्च स्तरीय जांच**
**बच्चों को शिक्षा दिए बगैर सरकार से मिलने वाले वेतन को शिक्षक मुफ्त में ले रहे है**



**उधवा/साहिबगंज।** सरकार एक ओर जहां सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए नित्य कई तरह की योजनाएं चला रही है। साथ ही बच्चों की स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने के लिए भी कई तरह तरह की अभियान चलाकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन शिक्षकों के बड़ी लापरवाही के कारण शिक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती दियारा क्षेत्र में बसे उक्रमित मध्य विद्यालय उत्तर पलाशगाछी(खट्टी) टोला में इस स्कूल में सरकार व शिक्षा विभाग के सभी बड़े बड़े दावे खोखले साबित हो रहे है। स्कूल को मनमाना तरीके से संचालित करने का काम किया जा रहा है। दरअसल शनिवार को उक्त स्कूल की लगभग 11 बजे श्वेत पत्र की टीम ने जब पड़ताल किया तो चौकाने वाला मामला देखने को मिला। स्कूल में कुल चार शिक्षकों में दो सरकारी व दो सहायक अध्यापक पदस्थापित है। जितेन्द्र रामायण राम प्रधानाध्यापक, महेंद्र प्रसाद,मो.नजरुल इस्लाम सहायक अध्यापक,कुल 326 बच्चे नामांकित है। कक्षा 1 में 54 बच्चे, कक्षा 2 में 69, कक्षा 3 में 66, कक्षा 4 में 27, कक्षा 5 में 37, कक्षा 6 में 36, कक्षा 7 में 43 बच्चे अध्यनरत है। स्कूल में एक भी बच्चा उपस्थित नही मिला। एक सहायक अध्यापक मो. नजरूल इस्लाम डेस्क में खरार्टे मारते दिखे। जबकि हेडमास्टर जितेंद्र नारायण राम भी कुछ समय के लिए स्कूल में उपस्थित नही थे। एमडीएम भी बंद मिला। रसोईयां बरामदे में बैठी थी। पूछने पर बताया गया कि आज एक भी बच्चा स्कूल नही आया है। इसलिए अभी एमडीएम नही परोसा जा रहा है। हेडमास्टर के बारे में जानकारी लेने पर बताई कि हेडमास्टर टॉयलेट में है। उन्होंने बताया कि विद्यालय से लगभग 1.5 (सौ) मीटर में दो निजी स्कूल संचालित हो रही है।इसलिए सभी बच्चे बगल के निजी स्कूल में पठन पाठन करने के लिए चले जाते है,इसलिए बच्चे स्कूल नही आते है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह बच्चों की शिक्षा के साथ खिलवाड़ करने का काम किया जा रहा है। इससे साफ स्पष्ट होता है कि शिक्षकों के लापरवाही के कारण स्कूल की व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। गुणवत्ता शिक्षा नही मिलने के कारण बच्चों सरकारी स्कूल को छोड़कर निजी स्कूल में पढ़ने को विवश हो रहे है। एमडीएम में भी गड़बड़ झाला हो रहा है। बच्चों के निवाले एमडीएम में भी सेंधमारी किया जा रहा है। बच्चों को शिक्षा दिए बगैर सरकार से मिलने वाले वेतन को शिक्षक मुफ्त में ले रहे है।

**क्या कहते है बीपीओ**

इस संबंध में बीपीओ दीपक कुमार मंडल ने बताया कि स्कूल में शिक्षक के नदारद रहने और बच्चों की अनुपस्थिति एक बड़ी गंभीर समस्या है। यह जांच का विषय है। यदि इस तरह उक्त विद्यालय संचालित हो रही है तो शिक्षकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## विधायक प्रतिनिधि ने 22.53 लाख की लागत से बनने वाले तीन योजनाओं का किया शिलान्यास.



**राजमहल/साहिबगंज।** नगर पंचायत के माध्यम से 22.53 लाख से बनाने वाले तीन योजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम किया गया. विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू एवं नपं प्रशासक स्मिता किरण ने संयुक्त रूप से वार्ड संख्या 5 में बनाने वाले पेब्बर्स ब्लॉक सड़क व वार्ड संख्या 6 में दो पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया. विधायक प्रतिनिधि के नेतृत्व में नगर पंचायत के पदाधिकारी एवं अभियंताओं ने वार्ड क्षेत्र का भ्रमण कर सड़क एवं नाला के जिर्णोद्धार एवं निर्माण की दिशा में कार्य करते हुए प्राक्कलन तैयार करने की बात कहे हैं. विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि नगर क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त करें. मौके पर नगर पंचायत के कर्मी एवं अभियंताओं के अलावे किशन बर्मन, रेखा देवी ,मनोज साहा, अर्जुन प्रमाणिक नंदन प्रमाणिक सहित मौजूद थे.

# ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल का 9 वा वार्षिक महोत्सव मनाया गया



**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**चतराः** शहर के किशुनपुर में स्थित ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल का 9 वा वार्षिक महोत्सव मनाया गया।इस वार्षिक महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्राइवेट स्कूल चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त सचिव मुमताज आलम, चतरा जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार, चतरा जिला सचिव अल्ताफ हुसैन एवं विद्यालय के प्रिन्सिपल अजय कुमार, डायरेक्टर अमृता कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए। मुख्या अतिथि ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के द्वारा कार्यक्रम जो प्रस्तुत किया गया वह काफी काबिले तारीफ था। इतना कम संसाधन में भी बच्चे अच्छे परफॉर्मेंस किए । बच्चों ने नाटक के द्वारा सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव एवं उसके फायदे को बताया तथा कुछ बच्चों ने पर्यावरण से संबंधित कार्यक्रम को दिखाए एवं कुछ बच्चे संगीत प्रस्तुत किया। वही कुछ बच्चे नृत्य कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया एवं कुछ छात्र अपनी अभिभाषक अपनी भाषण से सभी का दिल को जीत लिया एवं तरह-तरह के कार्यक्रम को प्रस्तुत किया और इस तरह से कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक ने अहम योगदान दिए।

# ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल, पाकुड़ में नए प्राचार्य के रूप में गौतम बेपारी ने योगदान दिया

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल, पाकुड़ में नए प्राचार्य के रूप में गौतम बेपारी ने योगदान दिया। बच्चों ने पुष्पगुच्छ देकर नये प्राचार्य का स्वागत किया, फिर शिक्षिका प्राणु प्रधान ने बच्चों को उनका परिचय दिया साथ ही एक-एक कर सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को प्राचार्य से मिलवाया। निदेशक मनोज भगत ने प्राचार्य का अभिनन्दन करते हुए बताया की बेपारी मूल रूप से बेरकपुर, कोलकाता के निवासी हैं। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में 20 से अधिक वर्षों का अनुभव है। यह विद्यालय के लिए सौभाग्य की बात है की हम उनके अनुभव से लाभान्वित हो सकेंगे। प्राचार्य श्री बेपारी ने अपने सम्बोधन में बताया की उन्हें अंग्रेजी, हिंदी, बंगला और उड़िया भाषाओं का ज्ञान है।

उन्होंने अपने केरियर की शुरूआत नॉर्थ पॉइंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल, कोलकाता से समाज शास्त्र के अध्यापक के रूप में किया था इसके बाद उन्होंने सेंट पोल्स स्कूल राजस्थान, माउन्ट लिटेरा जी स्कूल पटना सहित उड़ीसा, कर्नाटक, आँध्रप्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में विभागाध्यक्ष, उप-प्राचार्य, प्राचार्य आदि पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल में योगदान देने से पहले वे आंध्र प्रदेश के इंटरनेशनल दिल्ली पब्लिक स्कूल में कार्यरत थे। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया की आज के तेजी से बदलते युग में सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बच्चों का सर्वांगीण शारीरिक और मानसिक विकास आवश्यक है, अतः प्राचार्य के रूप में यह उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा उनपर विश्वास जताकर उन्हें प्राचार्य जैसे महत्वपूर्ण पद की जिम्मेवारी देने के लिये विद्यालय प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि वे इस जिम्मेवारी पर खरे उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। जैसे उनके कई पूर्व छात्र आज देश के सफल नागरिक बनकर कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं, वैसे ही उन्हें पूर्ण विश्वास है की ओपेन स्काई स्मार्ट स्कूल के शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में इस विद्यालय के छात्र भी भविष्य में सफल होकर अपने समाज एवं विद्यालय का नाम रौशन करेंगे। उनका प्रयास होगा कि विद्यालय में अनुशासन के साथ-साथ शिक्षा को और भी रुचिकर बनाया जाये।

# स्थायी प्रस्वीकृति प्राप्त संत मारिया गोरही बालिका उच्च विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में विधायक हेमलाल मुर्मू को चुना गया



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** स्थायी प्रस्वीकृति प्राप्त संत मारिया गोरही बालिका उच्च विद्यालय तोड़ाई, हिरणपुर में शनिवार को विधायक लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र की अध्यक्षता में प्रबंध कारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में हेमलाल मुर्मू, विधायक लिट्टीपाड़ा का चयन किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थायी प्रस्वीकृति प्राप्त संत मारिया गोरही बालिका उच्च विद्यालय तोड़ाई को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उत्क्रमण का प्रस्ताव तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त अनुदान राशि के वितरण पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी सदस्य, दानदाता सदस्य, शिक्षक प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# विद्युत संयोजन में आ रहे व्यवधान के निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गई

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में शहरी जलापूर्ति योजना पाकुड़ अंतर्गत इंटरमीडिएट सम्प 0.81टछ और तांतीपाड़ा में विद्युत संयोजन में आ रहे व्यवधान के निराकरण हेतु बैठक आयोजित की गई।बैठक में प्रशासक, नगर परिषद, पाकुड़ द्वारा शहरी जलापूर्ति योजना, पाकुड़ अंतर्गत इंटरमीडिएट सम्प 0.81टछ और तांतीपाड़ा में विद्युत संयोजन में आ रहे व्यवधान से उपायुक्त को अवगत कराया गया जिसमें कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल पाकुड़ एवं सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अपर मंडल, पाकुड़ द्वारा इंटरमीडिएट सम्प 0.81टछ और तांतीपाड़ा में विद्युत संयोजन हेतु रैयती मीरा प्रवीण सिंह एवं अन्य की भूमि से ओवरहेड इलेक्ट्रिक केबल ले जाया जाना है। रैयती द्वारा उठकर हेतु रोक लगाया गया था की पूर्व में किए गए ड्रेन कार्य के कारण उनकी भूमि दलदली हो गई है एवं उपयोग की स्थिति में नहीं है। उपायुक्त पाकुड़ द्वारा रैयती मीरा प्रवीण सिंह एवं अन्य के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए प्रशासक, नगर परिषद पाकुड़ को तीन दिनों के अंदर उपयुक्त ड्रेनेज सिस्टम विद ए स्मॉल सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का प्राक्कलन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उक्त भूमि पर कार्य करने हेतु रैयती मीरा प्रवीण सिंह एवं अन्य सहमत है। रैयती मीरा प्रवीण सिंह द्वारा भविष्य में भी इन कार्यों में सभी अपेक्षित सहयोग प्रदान करने की सहमति दी गई।उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल पाकुड़ को दिनांक 3 मार्च से ओवरहेड इलेक्ट्रिक केबल लगाने का कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही रैयती मीरा प्रवीण सिंह एवं अन्य की अनुरोध पर उल्लेखित भूमि पर अवस्थित ट्रांसफर को रैयती की भूमि पर उनके द्वारा चिन्हित स्थान पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल शैलेन्द्र बेसरा, प्रशासक, नगर परिषद अमरेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल पाकुड़, निवर्तमान अध्यक्ष, नगर परिषद, पाकुड़ सम्पा साहा, मीरा प्रवीण सिंह, राजबाड़ी, राजापाड़ा, सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबी राय उपस्थित थे।

# डीसी ने हरिणडंगा उच्च विद्यालय परिसर में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड राँची के निदेशानुसार राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय के द्वारा पाकुड़ जिला में दिनांक 01.03.2025 से 31:03:25 तक भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी एक बस में स्थित है जो कुल नौ क्लस्टर विद्यालयों में तीन-तीन दिनों तक प्रदर्शन करेंगी। उपायुक्त द्वारा प्रदर्शनी हेतु कुल नौ क्लस्टर विद्यालय का चयन किया गया है।भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन के क्रम में उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा बताया गया कि यह प्रदर्शनी विद्यालय के छात्रों के लिए बहुत ही शिक्षाप्रद है। सभी उच्च + 2 विद्यालय के छात्रों को इस प्रदर्शन का तिथिवार अवलोकन कराया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी वास्तव में बच्चों के बीच जिज्ञासा उत्पन्न करने, उनकी रचनात्मक और कल्पना को उजागर करने का एक शानदार अवसर प्रदान करती है। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, हरिणडंगा उच्च विद्यालय के प्राचार्य एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं सहित अन्य उपस्थित थे।

# गोड्डा के बलबड्डा में सड़क हादसा, दो की मौत

**गोड्डा के डीएसपी को वाहन चेकिंग के बावजूद भी लोग नहीं हो रहे है जागरूक**

**झारखंड उजाला @ राधेश्याम गोड्डा**




**गोड्डाः** गोड्डा जिले के बलबड्डा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम मडपा मधुरा मुख्य सड़क पर दो वाहन की आमने सामने टक्कर हो गई।जिसमें एक ऑटो और एक बाइक थी।जिसमें 8 लोग बुरी खबर घायल हो गए।सूचना के बाद स्थानीय बलबड्डा थाना पुलिस समेत थाना प्रभारी अमित मार्की सभी को ईलाज हेतु मेहरमा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचवाया।जिसके बाद डॉक्टर महमूद ने ईलाज जारी रखा। वही ईलाज के पहले ही दो लोगों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।जबकि एक बच्चे समेत छः लोगों का ईलाज जारी है।हालांकि सबसे बड़ी सवाल है कि गोड्डा के वायरल व चर्चित डीएसपी अशोक प्रियदर्शी की वाहन जांच के बाद भी आखिर लोग क्यों नहीं सबक सिख पा रहे है...? आखिर कब तक पुलिस रोड पर खड़ा रहकर जांच करेगी...? क्या स्थानीय लोगों को हेलमेट पहनने में दिक्कत होती है या अपनी मनमर्जी के कारण लोगों की जान जा रही है...? हालांकि मामले पर मेहरमा के डॉक्टर महमूद ने बताया कि स्थिति को देखते हुए सभी को बेहतर ईलाज हेतु रेफर किया जाएगा।हालांकि लोगों को हेलमेट और सीटबेल्ट पहनकर निकलने की आवश्यकता है।वही मृत व्यक्ति का नाम मंगल कुमार पिता परशुराम (24) वर्ष प्रतापपुर गांव का निवासी बताया जा रहा है जबकि एक मृत व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है।वही घायल व्यक्तियों में माला देवी 45 वर्ष रस्टीकर गांव निवासी व देवली देवी 30 वर्ष मडपा गांव निवासी व बूगो देवी 45 वर्ष कजरेल गांव निवासी व राकेश कुमार 22 वर्ष पिता सुखदेव प्रतापपुर गांव निवासी व दिलखुश कुमार 10 वर्ष पिता अशोक रजक मड़पा गांव निवासी बताया जा रहा है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला भू-अर्जन के लंबित परियोजनाओं की समीक्षा की गई



**पाकुड़ :** समीक्षा के क्रम में उपायुक्त मनीष कुमार ने शहरकोल - पियादापुर तक पाकुड़ बाईपास सड़क निर्माण, मुआवजा भुगतान से संबंधित मामलों में त्वरित गति से कार्य करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि भू- अर्जन से संबंधित मुआवजा भुगतान की सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए 31 मार्च तक भुगतान करना सुनिश्चित करें। वहीं ठल सिमलांग- धर्मपुर मोड़ से पाकुड़ मोड़ तक परियोजना में कहा कि सभी संबंधित रैयतों को जिला भू-अर्जन कार्यालय में बुलाकर मुआवजा भुगतान करना सुनिश्चित करें।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अजय सिंह बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## डीएसओ ने हिरणपुर एवं पाकुड़ प्रखंड के लैम्प्स का किया निरीक्षण

**पाकुड़ :** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंह के द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत चयनित डांगापाड़ा लैम्प्स एवं बरमसिया लैम्प्स तथा पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत कालिदासपुर लैम्प्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अधिप्राप्त की गई धान की मात्रा से संबंधित पंजी, भंडार पंजी एवं भंडार में रखे गए धान की मात्रा का भौतिक निरीक्षण किया गया। साथ ही अधिक से अधिक पंजीकृत किसानों से धान अधिप्राप्ति करने हेतु उचित दिशा निर्देश दिया गया।

## एकलव्य सहित कई स्कूलों में नामांकन परीक्षा 9 मार्च को

**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, एकलव्य मॉडल एवं आश्रम आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6, 7 एवं 8 के लिए नामांकन हेतु लिखित जांच परीक्षा सफल आयोजन एवं जिला मुख्यालय में परीक्षा केंद्रों का निर्धारण करने हेतु गठित जिला स्तरीय कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।

# अधिकारी भ्रष्टाचार में यदी संलिप्त है तो भाजपा के नेता प्रमाण बताए राज्य सरकार अविलंब कार्यवाई करेगी : योगेंद्र यादव

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतराः** अधिकारी भ्रष्टाचार में संलिप्त है तो भाजपा के नेता प्रमाण बताए, राज्य सरकार अविलंब कार्यवाई करेगी उक्त बाते राजद प्रदेश सचिव योगेंद्र यादव ने झारखण्ड उजाला चतरा ब्यूरो से एक मुलाकात मे चतरा की वर्तमान राजनीति स्थिति पर चर्चा के दौरान बोले। उन्होंने आगे कहा की जिस तरह से हंटरगंज और जोरी थाना प्रभारीयो को तत्काल निलंबित किया गया। ठीक उसी तरह कार्रवाई किया जायेगा। लेकिन भाजपा नेता ऐसा नही करेगे क्योंकि अधिकारियों को डरा- धमका और उन्हें बदनाम करेगे ताकि अधिकारी डर से मोटी रकम वशुल कर उनके आकाओं तक पहुचाने का काम करेंगे। भाजपा के नेता वैध माइंस की आड़ में अवैध उत्खनन कार्य कर रहे थे।

राज्य सरकार के निर्देश पर उपायुक्त चतरा ने खनन टास्क फोर्स का गठन कर विभन्न चले रहे माइंस की जांच और नापी किया गया। वैध माइंस की आड़ में जब अवैध उत्खनन का मामला प्रकाश में आया। जिसे उपायुक्त चतरा ने प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से चतरा की जनता को बताने का काम किये है। इससे तिलमिलाए भाजपा के नेता उल्टा भ्रष्टाचार का आरोप अधिकारियों पर लगाने का काम कर रहे है। जबकि काला पिला लगा कर भाजपा के नेता वीडियो वायरल कर रहे है।भाजपा के नेता अवैध बालू एवं पत्थर उत्खनन और ठेकेदारी कार्य मे संलिप्त है। राज्य सरकार की राजस्व चोरी का आरोपी है। उदाहरण स्वरूप विगत वर्षों में जाँच के दरमियान करोड़ों की फाइन खनन माफियाओं के द्वारा भरा जा चुका है। जो खनन विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज है। उपायुक्त महोदय द्वारा यदि निष्पक्ष रूप से जाँच किया जाए तो निश्चित रूप से भाजपा के नेता और भ्रष्टाचार में संलिप्त मिलेंगे। मैं जिला प्रशासन को इस कार्य के लिए जितना भी प्रशंसा करू वह कम ही होगा।

## तस्करी के लिए रखे मावेशी जप्त

**चतराः** सदर थाना पुलिस ने तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो दर्जन से अधिक मवेशियों को दो अलग-अलग स्थानों से जब्त किया है। यह कार्रवाई जिले के एसपी विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गयी। पुलिस ने वादी मो इरफान और कठौतिया के आस-पास दो अलग-अलग बाउंड्री के अंदर रखे मवेशियों को बरामद किया है। इस मामले में सदर थाना में दो मामले दर्ज किये गये हैं। जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। जब्त मवेशियों को पुलिस ने ग्रामीणों के बीच बांट दिया है।

## पूर्व विधायक स्व रामचंद्र राम का 16वा पुण्यतिथि आज

**चतरा :** 2 मार्च को पूर्व विधायक स्व. रामचंद्र राम (सिमरिया विधानसभा) की 16 वीं पुण्यतिथि मनाया जायेगा।उक्त आशय की जानकारी सिमरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह जे एम एम नेता मनोज चंद्रा ने दी।उन्होंने आगे बताया की स्व. रामचंद्र राम जी को श्रद्धासुमन पुंडरा स्थित उनके निवास स्थान पर अर्पित की जाएगी। उन्होने कार्यक्रम मे शामिल होने की प्राथना किये है।

## डीसी ने जिला तिलहन मिशन कमिटी के सदस्यों के साथ बैठक की

**पाकुड़ :** शनिवार को गोपनीय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला तिलहन मिशन कमिटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि तिलहन का उत्पादन और क्षेत्र का जिला में विस्तार से किया जाए। उपायुक्त ने जिला तिलहन मिशन अंतर्गत तिलहन उत्पादन हेतु संभावित क्षेत्र को चिन्हित करने तथा विभाग को अवगत कराने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया । मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। डीसी ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के प्रगति का निरीक्षण करते हुए उसका फोटोग्राफ उपलब्ध कराने का दिए निर्देश

## उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में उद्यान विभाग के कार्यो की हुई समीक्षात्मक बैठक

**पाकुड़ :** शनिवार को गोपनीय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में उद्यान विभाग के कार्यो समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के प्रगति का निरीक्षण करते हुए उसका फोटोग्राफ उपलब्ध कराने का निर्देश जिला उद्यान पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही पॉलीहाउस लाभुकों की सक्सेस स्टोरी बनाने का निर्देश दिया गया।

## पाकुड़ जिला के महेशपुर क्षेत्र के राहुल कुमार मुर्मू बने झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष




**पाकुड़ः** जिला के महेशपुर क्षेत्र के राहुल कुमार मुर्मू झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बने. वे मूल रूप से पाकुड़ जिले के रोलाग्राम (प्रखंड-महेशपुर) के रहने वाले हैं. 2018 बैच के पुलिस सब इंस्पेक्टर है राहुल कुमार.झारखंड पुलिस एसोसिएशन में राहुल कुमार मुर्मू अब तक के प्रथम आदिवासी एवं कम उम्र के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव जीते है.प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर पाकुड़ जिला एवं समाज के लिए गर्व का विषय हैं.

## जनसेवक पर नौकरशाही भारी पीस रही जनता जनार्दन

**चतराः** चतरा संसदीय क्षेत्र के चतरा जिले में इन दिनों जनता के प्रतिनिधित्व करने वाले जनसेवक पर नौकरशाही भारी पड़ रही है।जिसका खमियाजा भोली भाली जनता जनार्दन को झेलनी पड़ रही है।पंचायत,प्रखंड स्तर से लेकर जिले में सभी विभागों में आसीन अधिकारी से लेकर पदाधिकारी व कर्मियों का बोलबाला है।हे द्रव तू सर्व के तर्ज.पर विकास की कार्यो का निपटारा किया जा रहा है।बावजूद जनता के प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनिधि लाचार बने बैठे हैं।हाल के दिनों में चतरा सांसद कालीचरण सिंह जिला मुख्यालय में डीएमएफटी मद से अधिष्ठापित सोलर स्ट्रीट लाइट में बरती गई अनियमितता की जांच कराने की आवाज उठाने की जहमत उठाया।परंतु जिले में पदस्थापित झारखंड प्रशासनिक अधिकारियों ने सांसद के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया।अब देखना दिलचस्प होगा कि इस जंग में जनता के सेवक की जीत होती है कि नौकरशाह भारी पड़ता है।ऐ तो आने वाला समय पर निर्भर है,परंतु इसका खामियाजा हर हाल में जनता जनार्दन को ही झेलनी है।जब जिला प्रशाशन ने काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज किया गया तो भाजपा के कार्यकर्ताओ कस द्वारा भी काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज कर रहे है।अब जिला का विकास भगवान भरोसे चल रहा है।

# झूठे मुकदमे में फंसाने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतराः** हंटरगंज अंचल के खूंटीकेवाल मौजा में 0.29 एकड़ गैरमजरूआ जमीन का मामला तूल पकड़ रहा है। ग्रामीण गोलबंद होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन को 7 दिनों का अल्टीमेटम दे दिया है कहा कि यदि उचित जांच नहीं की गई तो जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे । खुटिकेवाल ग्रामीणों ने बताया की खाता संख्या 44 प्लॉट संख्या 52 रकबा 0.29 एकड़ सर्वे खतियानी के अनुसार गैरमजूरआ खास खाते की है एवं किस्म मकान सहन दर्ज है। जिसमें 0.03 एकड़ भूमि पर खंडहर मकान में पूर्व में जमींदार का अनाज रखने का गोदाम था। गांव से जमींदार चले जाने के बाद हमलोग 30 वर्षों से इस मकान का सार्वजनिक उपयोग कर रहे थे। वर्तमान में वही खंडहर भूमि को हटाकर हमलोगों के द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही केशकर्ता अनूप कुमार पिता राजेंद्र प्रसाद के द्वारा बंद जमाबंदी को ऑनलाइन में दर्ज किया गया । जिसके बाद अनूप ने 33 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना वारंट के चेतना भारती सह गांव गणराज्य संस्थापक विनय सेंगर को गिरफ्तार किया गया जो नियम के विरुद्ध है वहीं इसमें कई गांवों के निर्दोष लोग भी फंसे हैं। खुटिकेवाल गांव में कोई अनूप नाम के व्यक्ति है ही नहीं बल्कि अवैध तरीके से ऑनलाइन में जमाबंदी कर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। जिसका अंचल अधिकारी के द्वारा जांच प्रतिवेदन सौंपा गया गया है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। इधर इस संबंध में अंचल अधिकारी अरुण मुंडा से सवाल पूछे जाने पर मीडिया के सवालों के जवाब से बचते नजर आए। अब देखना होगा कि इन ग्रामीणों को न्याय मिलता है या नहीं, फिलहाल जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है।

# प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को भावभीनी विदाई दी गई

**मुकेश कुमार यादव @ झारखंड उजाला ब्यूरो**



**चतराः** सिमरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित डायट के सभागार कक्ष में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के सेवानिवृत्ति होने पर शिक्षकों के द्वारा सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट की प्राचार्य अम्बुजा राजलक्ष्मी ने किया। इस अवसर पर सिमरिया के सेवानिवृत हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह को माला पहनाकर व बुके भेंटकर उपस्थित अधिकारी, कर्मी, व शिक्षकों ने सम्मानित किया। उन्हें अंगवस्त्र और उपहार भेंट कर विदाई दी गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रुप में संतोष कुमार सिंह का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा।उन्होंने शिक्षक व कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर कुशलता के साथ कार्य किया। उनके कार्य कुशलता व नम्र व्यवहार से सभी प्रभावित रहे।एक अधिकारी के रूप में हर कार्य में वे सहयोग व सुझाव देते रहे।बेहतर करने को लेकर प्रेरित करते रहे।उनके कार्यकाल को भुलाया नहीं जा सकेगा।डायट की प्राचार्य ने भी उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आज एक अच्छे अधिकारी शिक्षा विभाग का सेवा से मुक्त हो गए हैं। जिन्होंने अपने कार्य काल में कार्य क्षमता का बेहतर परिचय दिया। वहीं सेवानिवृत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा की सिमरिया में उनकी सेवा समाप्त हो गई है सेवाकाल का यह अंतिम दिन सदा स्मरण में रहेगा। उन्होंने कार्य में सहयोग के लिए सभी अधिकारी, कर्मी व शिक्षकों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर संजय कुमार सिंह, अरून कुमार साहू, शेखर सिंह, कुंजल यादव, कार्यालय कर्मी सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।




# नाश्ते में रवा उपमा खाने से मिलेंगे ये लाभ

**नाश्ते में अगर कुछ अच्छा (स्वादिष्ट और हेल्दी) खाने को मिल जाए तो पूरा दिन मूड अच्छा रहता है और आप अपनी प्रॉडक्टिविटी में भी अच्छा परिणाम देखते हैं। बस, जरूर इस बात की है कि हम सभी अपने काम और अपने शरीर की जरूरतों को समझें.लेकिन हममें से ज्यादातर लोग बस यहीं मात खा जाते हैं। आइए, जानते हैं दिन की बेहतर शुरुआत करने में रवा उपमा किस तरह हमारी सहायता कर सकता है.**

## रवा खाने के फायदे

- दक्षिणी भारत में सूजी को रवा कहा जाता है। उत्तर भारत और हिंदी भाषी राज्यों में सूजी का हलवा जिस तरह आय दिन घरों में बनता है और सभी बहुत चाव से खाते हैं। ठीक इसी तरह सूजी से तैयार उपमा यानी रवा उपमा दक्षिण भारत में बहुत अधिक लोकप्रिय भोजन है।
- रवा यानी सूजी गेहूं से तैयार होती है। यह फाइबर से भरपूर होती है इसलिए इसे पचाना हमारे पाचनतंत्र के लिए आसान होता है।
- फाइबर धीमी गति से डायजेस्ट होता है इसलिए यह लंबे समय तक हमारे शरीर को ऊर्जा देने का काम करता है।
- यानी रवा से बना उपमा खाने के बाद जल्दी से भूख नहीं लगती, नींद नहीं आती और आप लंबे समय स्वयं को तक ऊर्जावान महसूस करते हैं।
- रवा उपमा तैयार करते समय इसमें मौसमी सब्जियां मिलाई जाती हैं। यानी इसे खाने से आपको संपूर्ण पोषण प्राप्त होता है। सब्जियों से विटमिन्स और मिनरल्स साथ ही रवा से दिनभर के लिए ऊर्जा।
- रवा उपमा बनाने में मूंगफली और ड्राई फ्रूट्स का उपयोग किया जाता है। इन्हें खाने से आपको सभी जरूरी अमीनो एसिड्स, ओमेगा-3 फैटी एसिड, फॉलिक एसिड और विटमिन्स तथा मिनरल्स की प्राप्ति होती है।
- रवा उपमा फैट यानी वसा और हानिकारक कॉलेस्ट्रोल से पूरी तरह फ्री होता है। इसलिए यह आपके हार्ट की सेहत के लिए भी एक शानदार नाश्ता है। जो हृदय की पंपिंग को सही बनाए रखने और अपने पौषक तत्वों से रक्त का प्रवाह बनाए रखने का काम करता है।
- रवा उपमा खाने में बहुत अधिक स्वादिष्ट और साथ ही सेहत के गुणों से भरपूर होता है। इसलिए साउथ इंडिया से निकलकर इस फूड ने देश के हर हिस्से और घर में अपनी जगह बना ली है।
- आज के समय में पोहा (मुख्य रूप से मध्य भारतीय आहार) दही चूड़ा (मुख्य रूप से बिहार का भोजन) और रवा उपमा तथा इडली (दक्षिण भारतीय भोजन) अपने-अपने राज्यों की सीमाए पार कर नैशनल फूड बन चुके हैं।
- इसकी खास वजह है कि इन फूड्स को तैयार करने में कम समय लगता है। ये पौषक तत्वों से भरपूर होते हैं और कम ऑइली होने के कारण फिटनेस को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। इसके साथ ही पाचन के लिहाज से बहुत अच्छे होते हैं तो इन्हें खाने के बाद आलस भी नहीं आता है।



# शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें

**शरीर में पानी की कमी को हल्के में ना लें। ये आपको कई गंभीर बीमारियों की तरफ धकेल सकती है. चिकित्सा विज्ञान के अनुसार, हमारे शरीर का 30 प्रतिशत हिस्सा तरल है और बाकी 70 प्रतिशत में अस्थि और मज्जा शामिल है। यही वजह है कि जल को जीवन की संज्ञा दी गई है। क्योंकि मनुष्य बिना भोजन के कुछ समय रह सकता है लेकिन बिना पानी के रहना असंभव होता है। यानी जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पानी तो हम सभी लोग पीते हैं लेकिन ज्यादातर लोग शरीर की जरूरत के अनुसार उचित मात्रा में पानी नहीं पीते हैं। यही कारण है कि हमारे समाज में बड़े स्तर पर सूखे की बीमारी से पीड़ित पेशंट देखे जा सकते हैं। खासतौर पर गर्मी के मौसम में डिहाइड्रेशन के मरीजों की मानो बाढ़ आ जाती है।**

## हल्के में ना लें यह समस्या

- आमतौर पर शरीर में पानी की कमी होने को हम सभी बहुत हल्के में लेते हैं। यह एक बड़ी वजह है कि डिहाइड्रेशन के कारण बड़ी संख्या में रोगियों की मृत्यु हो जाती है। आइए, यहां जानते हैं शरीर के उन सामान्य लक्षणों के बारे में जो आपके शरीर में पानी की कमी को दर्शाते हैं। ताकि इन लक्षणों के आधार पर आप तुरंत इस समस्या से निजात पा सकें.

## पानी की कमी के सामान्य लक्षण

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो आपके होंठ बहुत सूखे-सूखे हो जाते हैं और उनकी बाहरी त्वचा फटने लगती है। कई बार होठों से खून भी आने लगता है।
- पानी की कमी के कारण गला लगातार सूखा बना रहता है और बार-बार प्यास लगने पर पानी पीने के बाद भी प्यास नहीं मिटती है।
- शरीर में पानी की कमी के कारण सीने पर हल्की जलन, पेट में एसिडिटी या असहजता हो सकती है। साथ ही मुंह से सांसों के साथ लगातार दुर्गंध आती है। ब्रश करने के बाद भी आप सांसों की दुर्गंध फील कर पाते हैं।

## यूरिन, स्किन और मसल्स पर असर

- जब शरीर में पानी की कमी होती है तो पेशाब गाढ़े पीले रंग का आता है। इसके साथ मात्रा में सामान्य से कम होता है और पेशाब के बाद प्राइवेट पार्ट में जलन या खुजली की समस्या हो सकती है।
- डिहाइड्रेशन से जूझ रहे लोगों के शरीर की त्वचा भी बहुत रूखी और बेजान नजर आती है। जो लोग लंबे समय से पानी की कमी से जूझ रहे होते हैं, उनकी त्वचा पर कम उम्र में ही झुर्रियां नजर आने लगती हैं।
- पानी की कमी से मांसपेशियों में दर्द, ऐंठन और जकड़न की समस्या हो सकती है। इसके साथ ही सिर में लगातार दर्द बना रहता है। इस कारण रोगी का चेहरा मुर्झाया हुआ और तेजहीन लगता है।
- जो लोग शरीर की जरूरत के अनुसार पानी नहीं पीते हैं, उनकी आंखों के नीचे काले घेरे साफ देखे जा सकते हैं। इन लोगों की आंखें अंदर धसने लगती हैं और इन्हें हर समय कमजोरी का अहसास बना रह सकता है।



# सेहत समस्याओं से निजात पाने के लिए पुदीने के घरेलू नुस्खे

**गर्मियों का मौसम आते ही भूख कम लगने लगती है, पेट व त्वचा की गर्मी बढ़ जाती है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजें खाने की जरूरत होती है जो आपको ठंडक दे और पुदीना इस मौसम के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। गर्मियों में पुदीना या मिंट के अलग-अलग इस्तेमाल से कई सेहत लाभ पाए जा सकते हैं। आइए, जानते हैं पुदीना के ये 8 बेहतरीन घरेलू नुस्खे**

- पेट की गर्मी को कम करने के लिए पुदीने का प्रयोग बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा यह पेट से संबंधित अन्य समस्याओं से भी जल्द निजात दिलाने में लाभकारी है। इसका कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है।
- दिनभर बाहर रहने वाले लोगों को पैर के तलवों में जलन की शिकायत रहती है, ऐसे में उन्हें फ्रिज में रखे हुए पुदीने को पीसकर तलवों पर लगाना चाहिए ताकि तुरंत राहत मिल सके। इससे पैरों की गर्मी भी कम होगी।
- सूखा या गीला पुदीना छाछ, दही, कच्चे आम के पने के साथ मिलाकर पीने पर पेट में होने वाली जलन दूर होगी और ठंडक मिलेगी। गर्मी हवाओं और लू से भी बचाव होगा।
- अगर आपको अक्सर टॉन्सिल्स की शिकायत रहती है और इसमें होने वाली सूजन से भी आप परेशान हैं तो पुदीने के रस में सादा पानी मिलाकर इस पानी से गरारे करना आपके लिए फायदेमंद होगा।
- गर्मी में पुदीने की चटनी का रोजाना सेवन सेहत से जुड़े कई फायदे देता है। पुदीना, काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, मुनक्का, जीरा, छुहारा सबको मिलाकर चटनी पीस लें। यह चटनी पेट के कई रोगों से बचाव करती है व खाने में भी स्वादिष्ट होती है। भूख न लगने या खाने से अरुचि होने पर भी यह चटनी भूख को खोलती है।
- पुदीने व अदरक का रस थोड़े से शहद में मिलाकर चाटने से खांसी ठीक हो जाती है। वहीं अगर आप लगातार हिचकी आने से परेशान हैं तो पुदीने में चीनी मिलाकर धीरे-धीरे चबाएं। कुछ ही देर में आप हिचकी से निजात पा लेंगे।
- पुदीने की पत्तियों का लेप करने से कई प्रकार के चर्म रोगों को खत्म किया जा सकता है। घाव भरने के लिए भी यह उत्तम है। इसके अलावा गर्मी में इसका लेप चेहरे पर लगाने से त्वचा की गर्मी समाप्त होगी और आप ताजगी का अनुभव करेंगे।
- पुदीने का नियमित रूप से सेवन आपको पीलिया जैसे रोगों से बचाने में सक्षम है। वहीं मूत्र संबंधी रोगों के लिए भी पुदीने का प्रयोग बेहद लाभदायक है। पुदीने के पत्तियों को पीसकर पानी और नींबू के रस के साथ पीने से शरीर की आंतरिक सफाई होगी।



# हल्की-हल्की भूख में लें इन तीन सूप का मजा

**नाश्ते के बाद और लंच से पहले वाली भूख को हैंडल करने के लिए ज्यादातर लोग चाय, कॉफी या फास्ट फूड और डिब्बाबंद फूड्स का सेवन करते हैं। लेकिन हम यहां आपको चंद मिनट में तैयार होनेवाले उन 3 खास सूप के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको 'अपनी तो लाइफ सेट है!' जैसा फील देंगे.**

## वेजिटेबल सूप

- मौसमी सब्जियों के साथ आप मिक्स वेज सूप तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप किसी एक सब्जी को उबालकर उसका सूप बनाएं और शिमला मिर्च, बीन्स, मशरूम, हरी प्याज और आलू को महीन टुकड़ों में काटकर इन्हें अलग उबाल लें।
- पहले से तैयार सूप में इन सब्जियों को मिलाएं और अपने स्वाद के हिसाब से काला नमक, जीरा पाउडर आदि मिलाएं। ध्यान रखें सूप को गाढ़ा करने के लिए कॉर्नफ्लोर मिलाया जाता है। आप इसका उपयोग कर सकते हैं लेकिन अधिक मात्रा में इसे मिलाने से बचें। नहीं तो यह आपके वजन को बढ़ाने की वजह बन सकता है।


## चुकंदर का सूप

- चुकंदर का सूप बनाने के लिए आप टमाटर, आलू, प्याज, लहसुन, काली मिर्च का पाउडर और नींबू का रस जैसी चीजों का उपयोग करते हैं। ये सभी बहुत पौष्टिक और सेहत को फिट रखनेवाली चीजें हैं।
- चुकंदर का सूप तैयार करने के लिए एक कुकर में बारीक कटे प्याज और लहसुन भून लें। इसके बाद कटे हुए चुकंदर, आलू और टमाटर डालकर भूनें। इन्हें दो मिनट पकाने के बाद कुकर को बंद कर दें और इसमें धीमी आंच पर 4 सीटी आने दें।
- तैयार मिश्रण को मिक्सी में डालकर पीसें और गाढ़ा लिक्विड तैयार करें। इसे छान लें और काली मिर्च पाउडर तथा नींबू का रस मिलाकर सूप तैयार करें और इसे हरी धनिया पत्तियों के साथ गार्निश करके सूप का लुत्फ उठाएं।

## मूंग दाल का शोरबा



- मूंग दाल का शोरबा मात्र 10 मिनट में तैयार हो जाता है। इसके लिए आप बिना छिलके की मूंग दाल को धुलकर कुकर में 3 से 4 सीटी लगा लें। इसे तैयार करते समय आपको पानी की मात्रा सामान्य दाल बनाने से दोगुना रखें और गैस की धीमी आंच पर रखकर ही पकाएं।
- अब इसमें हरी धनिया पत्ती, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटा कच्चा प्याज मिलाकर तड़का लगा दें। मसलों के नाम पर इसमें सिर्फ हल्दी पाउडर का उपयोग करें, हल्का काला नमक मिलाएं और काली मिर्च पाउडर मिक्स करके गर्मागर्म शोरबा का लुत्फ उठाएं।




**वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.**

# खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

## गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।



## डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए।

## मेटाबोलिज्म बढ़ाने के लिए चाय आजमाएं

अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।



## कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

## सिलेरी जूस (अजमोद का रस)

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।



## वजन घटाने के पांच बुनियादी नियम भी जानें

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।

# तो क्या निशांत कुमार की सियासी लॉन्चिंग से वंशवादी लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी?



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को, सबसे सफल लोकतंत्र को हमारे नेताओं ने वंशानुगत राजतंत्र की तरह ही वंशानुगत लोकतंत्र में तब्दील कर दिया है। यदि कुछ बची-खुची कसर है तो वो गुजश्ते दशक या आने वाले दशक में पूरी हो जाएगी। इसका कारण प्रतिभाशाली डीएनए है या पूंजीवादी षड्यंत्र, यह आपको बाद में पता चलेगा। वंशवादी लोकतंत्र का क्रांतिकारी भूमि बिहार में अपनी गहरी जड़ें जमाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है! यह लोकतंत्र की जननी वैशाली की मूल भावनाओं को मुंह चिढ़ाने जैसा है। ऐसा इसलिए कि सूबाई राजनीति को विगत 4 दशकों तक प्रभावित करते रहने वाले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री बिहार, जदयू के मुखिया नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री बिहार और लोजपा आलाकमान रहे स्व. रामविलास पासवान, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार ने अपने-अपने लाडले क्रमशः तेजस्वी यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री बिहार, चिराग पासवान, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार और निशांत कुमार, सीएम इन वेटिंग, बिहार को अपनी राजनीतिक विरासत (सियासी जमींदारी) सौंप चुके हैं!

इस मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भले ही देरी से फैसला किया हो, लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद की भांति वो निशांत कुमार के लिए अपने समर्थकों से मजबूत फील्डिंग भी करवा रहे हैं। इससे प्रदेश की राजनीति में कई सवाल पैदा हो रहे हैं, क्योंकि चाहे कांग्रेस हो या भाजपा, एक दूसरे को शिकस्त देने के लिए इन क्षेत्रीय राजनीतिक सूबेदारों को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस की राह पर भाजपा का चलना देश की वैचारिक राजनीति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जबकि भाजपा को इतनी ऊंचाई देने वाली टीम का मानना है कि चूंकि लोहा ही लोहे को काटता है, इसलिए कांग्रेस मुक्त भारत के लिए वो लोग जैसे को तैसा वाली राजनीति देंगे।

भाजपा की इसी सोच का फायदा उठाते हुए उसके दो बड़े कद्दावर नेताओं यानी पार्टी में नम्बर 2 की हैसियत रखने वाले अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री, भारत सरकार और नम्बर 3 की हैसियत पर जा चुके राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री, भारत सरकार भी अपने पुत्रों क्रमशः जय शाह और पंकज सिंह-नीरज सिंह को महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचा चुके हैं। यदि देखा जाए तो कांग्रेस और



भाजपा के अलावा जितने भी यूपीए या एनडीए समर्थक क्षेत्रीय दल हैं, वो भी अपने अपने पुत्रों को अपनी राजनीतिक विरासत सौंप चुके हैं या ऐसी तैयारी में हैं।

इसलिए कहा जा सकता है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को, सबसे सफल लोकतंत्र को हमारे नेताओं ने वंशानुगत राजतंत्र की तरह ही वंशानुगत लोकतंत्र में तब्दील कर दिया है। यदि कुछ बची-खुची कसर है तो वो गुजश्ते दशक या आने वाले दशक में पूरी हो जाएगी। इसका कारण प्रतिभाशाली डीएनए है या पूंजीवादी षड्यंत्र, यह आपको बाद में पता चलेगा। क्योंकि यूपी के समाजवादी पार्टी प्रमुख रहे स्व. मुलायम सिंह यादव, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश अपनी सत्ता अपने जीवनकाल में ही अपने पुत्र अखिलेश यादव को सौंप चुके थे। वहीं महाराष्ट्र के शिवसेना प्रमुख रहे स्व. बाला साहेब ठाकरे अपनी राजनीतिक विरासत अपने पुत्र उद्धव भाऊ ठाकरे, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र को सौंप चुके हैं। ये तो महज बानगी भर है, जबकि इसकी फेहरिस्त बड़ी लंबी है।

इसके पीछे अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि जब नौकरशाह का बेटा नौकरशाह, न्यायाधीश का पुत्र न्यायाधीश, उद्यमी का बेटा उद्यमी बन सकता है तो किसी राजनेता का बेटा राजनेता क्यों नहीं बन सकता है! बात में तो दम है, लेकिन भारतीय संविधान भी इस विषय में मौन है! इससे साफ है कि सत्ता की एक अलग सोच होती है जो राजतंत्र, लोकतंत्र और तानाशाही में भी लगभग एक समान होती है। यह सोच है वंशवादी सोच, जहां राजा या नेता खुद को महफूज समझता है।

यदि आप आजादी के आंदोलनों, संपूर्ण क्रांति और अन्ना हजारे के आंदोलनों पर गौर करेंगे तो यह साफ पता चलेगा कि इन सबका कुछ अघोषित एजेंडा रहा है, जिसमें व्यक्तिवाद, सम्पर्कवाद और वंशवाद सर्वोपरि है। कहीं यह साफ दिखता है तो कहीं पर यह घुमाफिरा कर, लेकिन मूल मर्म यही कि सत्ता बड़ी बेवफा होती है, इसलिए चाहे जैसे भी हो इसे अपने परिवार के खूंटे से बांधे रहो। नेहरू-गांधी परिवार, संघ परिवार और क्षेत्रीय जातीय राजनीतिक परिवारों की सफलता-विफलता का कारण भी यही है।

हैरत की बात तो यह है कि जो समाजवादी-राष्ट्रवादी 1970-80-90 के दशक तक नेहरू-गांधी परिवार के वंशवाद का विरोध कर रहे थे, और तख्त बदल दो ताज बदल दो, वंशवाद का राज बदल दो जैसे नारे लगा रहे थे, उन्होंने कैसा क्षेत्रीय वंशवाद चलाया, अब जगजाहिर हो चुका है। हालांकि, इनमें सबसे धैर्यशाली निकले बिहार के कद्दावर मुख्यमंत्री और जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार ने भी जब अपने बेटे निशांत कुमार को सियासत में उतारने की हरी झंडी दे दी और उनके संग गुलदस्ता वाली फोटो वायरल करवा दिया, तो लोगों के दिलोदिमाग में इस वंशवादी लोकतंत्र को लेकर कई सवाल पैदा हो रहे हैं।

पहला सवाल यह कि क्या पारिवारिक लोकतंत्र से आम भारतीयों का भला हो पाएगा? दूसरा सवाल यह कि, जो लोग हर बात में ब्राह्मणों या सवर्णों को कोस रहे थे, उन्होंने सत्ताधीश बनने के बाद कैसा आचरण प्रस्तुत किया? तीसरा सवाल यह कि, वंशवादी नेताओं ने अकूत सम्पत्ति जमा करते हुए हमारे देश की राष्ट्रीय सम्पदाओं को निजी हाथों में सौंपते जा रहे हैं और कोई राजनीतिक चहलकदमी नहीं दिखाई-सुनाई पड़ रही है, क्या इससे आम आदमी का भला होगा? चौथा सवाल यह है कि आरक्षण और सामाजिक न्याय, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद, क्षेत्रीयता बनाम राष्ट्रीयता का हश्र आने वाले दिनों में क्या होगा।

यह सवाल इसलिए कि जब तपे-तपाए नेताओं की जगह उनके अनुभवहीन पुत्र ले लेते हैं तो सिस्टम वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाता है, जैसा कि उससे उम्मीद किसी भी सभ्य समाज को होती है। इससे पार्टी और नेता, दोनों कमजोर होते हैं। सत्ता से हट जाते हैं। लेकिन जब उनका लक्षित दुरुपयोग एक दूसरे को शह-मात देने के लिए किया जाता है तो स्थिति काफी विकट हो जाती है। भारत और भारतीय जनमानस इसी संक्रमण कालीन स्थिति से गुजर रहे हैं।

चाहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हों, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस हों, या इन जैसे अन्य नेतागण, जिन्होंने वंशवादी किले को बारीकीपूर्वक जमींदोज किया और खुद मठाधीश बन बैठे। ऐसे में बिहार में पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुनि चौधरी के पुत्र और मौजूदा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (कुशवाहा जाति) की सियासी धार को कुंद करने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार (कुर्मी जाति) की जो सियासी लॉन्चिंग हो रही है, उससे लवकुश समाज की राजनीति कितनी मजबूत होगी, यह तो वक्त बताएगा।लेकिन जब उम्र गत कारणों से नीतीश कुमार राजनीति से अवकाश लेने के मुहाने पर खड़े हैं।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे. आप अपना काम समय से पूरा कर लेंगे. दूसरे लोगों से आपको मदद मिलती रहेगी. आज आप हर किसी की बात को गंभीरतापूर्वक सुनेंगे. आज कुछ नए दोस्त बनने की संभावना है. आप उनके साथ कहीं घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं. किसी खास क्षेत्र में सफलता हासिल करने के लिये आप तत्पर रहेंगे. काम के प्रति समर्पित होने से अधिकारी वर्ग आपसे इम्प्रेस होंगे.

**वृषभ राशि :-** धन हानि के कारण परिवारिक सदस्यों के साथ वाद-विवाद हो सकता है. इसलिए आपको हर संभव सतर्कता एव सावधानी बरतने की आवश्यकता है. कार्यक्षेत्र पर सोच-विचार कर निर्णय लें. दूसरों पर अत्याधिक भरोसा आपको परेशानी में डाल सकती है. आपके कुछ रिश्तेदार अनौपचारिक मोड़ ले सकते हैं और समस्याएं पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं. आप गर्दन अथवा गले को प्रभावित करने वाली कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित हो सकते हैं.

**मिथुन राशि :-** बिजनेस और नौकरी में परिवार से सहयोग मिलेगा. कार्यस्थल पर सोच-समझकर बोलें. उन्नति के रास्ते खुलेंगे. बिजनेस में फायदा होने के योग बन रहे हैं. घर में उपयोग होने वाली वस्तुएं खरीद सकते हैं. अपनी सोच सकारात्मक रखें. विश्वसनीय व्यक्ति का सहयोग भी मिलसकता है. आपका पार्टनर संवेदनशील मूड में रहेगा. आपकी भावनाओं का सम्मान होगा. आपको अपनी सेहत पर विशेष ध्यान देना चाहिए.

**कर्क राशि :-** आज यात्राओं से व्यावसायिक संबंधों में सुधार होगा. आपका जीवनसाथी रोजाना की जरूरतों को पूरा करने से अपने हाथ पीछे खींच सकता है, जिसके चलते आपका मन उदास होने की संभावना है. स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहने की संभावना है. आसपास या साथ काम करने वाले किसी व्यक्ति को आपके बारे में कोई गलतफहमी हो सकती है. जो लोग शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उन्हें आज पढ़ाई में मन लगेगा.

**सिंह राशि :-** आज आपको कुछ नया सीखने का मौका मिलेगा. घर पर किसी मित्र के आने से आपको खुशी होगी. अपनी खुशी बरकरार रखने के लिये आज आपको विवादों से दूर रहना चाहिए किसी पुरानी बात को लेकर आपको चिंता हो सकती है. आज आप किसी न किसी काम में उलझ सकते हैं. आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन कुछ मामलों में आप सफल भी होंगे. आप किसी समारोह में जाने की योजना बनायेंगे.

**कन्या राशि :-** आज आप में से कुछ को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है . महत्वपूर्ण निर्णय , सोच - विचार के बाद ही लिया जाना चाहिए. प्रतिद्वंद्वी काफी सक्रिय रहेंगें, किन्तु वह आपको कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे. आप सामाजिक रूप से सक्रिय रहेंगे और आज कुछ महत्वपूर्ण संपर्क भी स्थापित किए जा सकते हैं. आपके लिए किसी प्रियजन का स्वास्थ्य चिंता का कारण बना सकता है.

**तुला राशि :-** कर्ज से छुटकारा मिल सकता है. अपने काम पर पूरी नजरे रखें. अधिकारियों से सहयोग मिलेगा. आज आपके लिए योजना बनाना मेहनत करने से भी ज्यादा कारगर साबित हो सकता है. आपके लिए परिवार, जमीन-जायदाद के मामले, दोस्त और रिश्तेदार बहुत खास हो सकतेहैं. आपका व्यवहार पार्टनर को खुशी देगा. कुछ नया और सकारात्मक काम करेंगे, तो आप अपने जीवन में अच्छा खासा सुधार कर सकते हैं.

**वृश्चिक राशि :-** आज आपका जीवनसाथी आपके परिवार की अपेक्षा अपने परिवार को ज्यादा तरजीह देता हुआ नजर आ सकता है. अपने ऊँचे आत्मविश्वास का आज सही इस्तेमाल करें. भागदौड़ भरे दिन के बावजूद आप फिर ऊर्जा और ताजगी पाने में कामयाब रहेंगे. जमीन-जायदाद में लाभ मिल सकता है. आपकी ईमानदार मेहनत आपको उम्मीद से ज्यादा मीठा फल देगी. व्यवसायियों के लिए भी दिन काफी लाभदायक रहेगा.

**धनु राशि :-** आज आपको अचानक से धन लाभ होगा. संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी मिलेगी. पैसों के मामले में उन्नति के नये रास्ते खुलेंगे. आज आप कोई नई चीज सीखेंगे. दूसरे लोगों की सलाह आज फायदेमंद होगी. नए दोस्तों से मुलाकात फायदा दिलायेंगी किसी समारोह में शामिल होने के योग बन रहे हैं. व्यापार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी. गाय को रोटी खिलाएं, संतान सुख की प्राप्ति होगी.

**मकर राशि :-** यह अवधि मिश्रित प्रभाव प्रदान करती है. व्यवसायिक और आर्थिक प्रगति के लिए एवं सम्मान पाने के लिए, अवधि अनुकूल है. आप धर्मी बनेंगे और संघर्षों के मामले में विजयी बनेंगे. अपने भावों और विचारों के संबंध में हालांकि आपको सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि ये संबंध बना या बिगाड़ सकते हैं. आपको उधार या उधार को कम करना चाहिए और सट्टा निवेश से भी बचना चाहिए. पारिवारिक जीवन सामान्य रहेगा.

**कुम्भ राशि :-** बिजनेस में आत्मनिर्भरता रहेगी. नए लोगों से कॉन्टैक्ट बनेंगे. कामकाज बढ़ेगा. साथ के लोगों से सहयोग मिल सकता है. नए लोगों से भी अच्छे संबंध बनेंगे. बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलेगा. आपकी आर्थिक स्थिति में जल्दी ही सुधार लाने में सफल रहेंगे. आपके सोचे हुए कामसमय पर पूरे हो जाएंगे. पुरानी समस्याओं का समाधान मिल सकता है. मौसमी बीमारियां भी हो सकती हैं.

**मीन राशि :-** आज आप थकान, आलस और चिंता का अनुभव कर सकते हैं. भागीदारी वाले व्यवसायों और चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में निवेश न करें. बच्चों से असहमति के चलते वाद-विवाद हो सकता है. आज आप किसी महिला के प्रति आकर्षित हो सकते हैं. फिजूल खर्ची ना ही करें तो बेहतर होगा. परिजनों का सहयोग मिलेगा जिससे आपका तनाव काफी कम होगा. संतान की तरफ से चिंता हो सकती है.

# गाय भारत की संस्कृति है और इसका संरक्षण करना हर किसी का दायित्व है

राजनीतिक एवं साम्प्रदायिक आग्रहों एवं स्वार्थों के चलते गौ-हिंसा एवं अत्याचार को जायज नहीं ठहराया जा सकता। इस तरह की धर्म एवं आस्था से जुड़ी भावनाओं में अहिंसा एवं मानवीयता जरूरी है। गाय का संरक्षण पूरी तरह मानवतावादी कृत्य है, उसके साथ हिंसा स्वीकार्य नहीं है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाने की मांग करते हुए कहा है कि गाय का भारतीय संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। गाय को भारत देश में मां के रूप में जाना जाता है और देवताओं की तरह उसकी पूजा होती है। गाय भारत के लिये केवल एक जन्तु नहीं है, बल्कि वह जन-जन की आस्था का केन्द्र है। मां के दूध के बाद केवल गाय के दूध को ही अमृत तुल्य माना गया है। गौवंश संवर्धन देश की जरूरत है। गाय के संरक्षण, संवर्धन का कार्य मात्र किसी एक मत, धर्म, संप्रदाय या सरकार का नहीं है बल्कि गाय भारत की संस्कृति है और संस्कृति को बचाने का काम देश में रहने वाले हर एक नागरिक, चाहे वह किसी भी धर्म की उपासना करने वाला हो, की जिम्मेदारी है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जरूरत है गाय के महत्व को समझने की, इसी महत्व को समझते हुए कोर्ट ने कहा कि गाय के संरक्षण को हिंदुओं के मौलिक अधिकार में शामिल किया जाए। कोर्ट की यह दृष्टि एवं जागरूकता भारत संस्कृति का सम्मान है, उसके गौरव की अभिवृद्धि का उपक्रम है। इस सराहनीय पहल के लिये कोर्ट धन्यवाद का पात्र है।

राजनीतिक एवं साम्प्रदायिक आग्रहों एवं स्वार्थों के चलते गौ-हिंसा एवं अत्याचार को जायज नहीं ठहराया जा सकता। इस तरह की धर्म एवं आस्था से जुड़ी भावनाओं में अहिंसा एवं मानवीयता जरूरी है। गाय का संरक्षण पूरी तरह मानवतावादी कृत्य है, उसके साथ हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इन्हीं सन्दर्भों के साथ भारतीय शास्त्रों, पुराणों व धर्मग्रंथ में गाय के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कोर्ट ने कहा कि भारत में विभिन्न धर्मों के नेताओं और शासकों ने भी हमेशा गौ-संरक्षण की बात की है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 48 में भी कहा गया है कि गाय नस्ल को संरक्षित करेगा और दुधारू व भूखे जानवरों सहित गौ हत्या पर रोक लगाएगा। भारत के 29 राज्यों में से 24 में गौ हत्या पर प्रतिबंध है।

गौ हत्या के आरोपी जावेद की जमानत अर्जी नामंजूर करते हुए न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने कहा कि सरकार को संसद में बिल लाकर गाय को मौलिक अधिकार में शामिल करते हुए राष्ट्रीय पशु घोषित करना होगा और उन लोगों के विरुद्ध कड़े कानून बनाने होंगे, जो गायों को नुकसान पहुंचाते हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि जब गाय का कल्याण तभी इस देश का कल्याण होगा। गौ-हत्या अराष्ट्रीय एवं अमानवीय कृत्य हैं। गौ हत्या जारी रही तो यह देश के लिए घातक होगा। क्योंकि इस भारत भूमि पर गौ माता को किसी भी तरह का कष्ट देना, देश को अशांत करना है। इसकी अशांति स्वप्न में भी दूर नहीं हो सकती क्योंकि इस राष्ट्र के



लोगों को पता ही नहीं कि एक अकेली गाय का आर्तनाद सौ-सौ योजन तक भूमि को श्मशान बना देने में सक्षम है। इसीलिये महात्मा गांधी ने कहा था- गौवध को रोकने का प्रश्न मेरी नजर में भारत की स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है।

आज जब दुनिया के बहुत से देश अपनी संस्कृति को भुलाते जा रहे हैं और भारतीय संस्कृति हजारों वर्षों के संघर्ष के बाद भी कायम है तो इसके मूल में कहीं न कहीं गाय है। गाय हमारी संस्कृति की प्राण है, चेतना है। प्राचीन काल से ही गाय भारतीय संस्कृति व परंपरा का मूलाधार रही है। गंगा, गोमती, गीता, गोविंद की भांति शास्त्रों में गाय भी अत्यंत पवित्र मानी गई है। गोपालन व गौ-सेवा तथा गोदान की हमारी संस्कृति में महान परंपरा रही है। गौ-सेवा भी सुख व समृद्धि का एक मार्ग है। वेद-पुराण, स्मृतियां सभी गो-सेवा की उत्कृष्टता से ओत-प्रोत हैं। भारतीय संस्कृति के अनुसार धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष पुरुषार्थों का साधन भी गौमाता ही रही हैं। दरअसल भारत की संस्कृति मूल रूप से गौ-संस्कृति कही जाती है। गाय श्रद्धा के साथ-साथ हमारी अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य एवं संस्कृति का प्रमुख आधार है।

हिन्दू धर्म में गाय का महत्व इसलिए नहीं रहा कि प्राचीन काल में भारत एक कृषि प्रधान देश था और आज भी है और गाय को अर्थव्यस्था की रीढ़ माना जाता था। भारत जैसे और भी देश हैं, जो कृषि प्रधान रहे हैं लेकिन वहां गाय को इतना महत्व नहीं मिला जितना भारत में। दरअसल हिन्दू धर्म में गाय के महत्व के कुछ आध्यात्मिक, धार्मिक और चिकित्सीय कारण भी रहे हैं। गाय एकमात्र ऐसा पशु है जिसका सब कुछ सभी की सेवा में काम आता है। गाय का दूध, मूत्र, गोबर के अलावा दूध से निकला घी, दही, छाछ, मक्खन आदि सभी बहुत ही उपयोगी है। वैज्ञानिक कहते हैं कि गाय एकमात्र ऐसा प्राणी है, जो ऑक्सीजन ग्रहण करता है और ऑक्सीजन ही छोड़ता है, जबकि मनुष्य सहित सभी प्राणी ऑक्सीजन लेते और कार्बन डाई ऑक्साइड छोड़ते हैं। पेड़-पौधे इसका ठीक उल्टा करते हैं। आजकल भूमि भी जहरीली होती जा रही है जिससे उसमें उगने वाली वनस्पतियों में विषाक्तता बढ़ती जा रही है। इसके लिए हमें गोबर की खाद का प्रयोग करना होगा, तभी हमारी भूमि बच सकती है। इसके लिए हमें गाय को बचाना होगा। देश में समय-समय पर गौहत्या के विरोध में आन्दोलन हुए हैं।

# कट्टर सोच पर कड़ाई जरूरी

भारत एक धर्मनिरपेक्ष, समाजवादी गणराज्य है। इमरजेंसी के दौरान संविधान की संशोधित प्रस्तावना में यही तो लिखा है, मगर देश में अक्सर धर्मनिरपेक्षता और इस्लाम दोनों एक साथ खतरे में पड़ जाते हैं। दुनिया में करीब 52 इस्लामिक देश हैं। कोई धर्मनिरपेक्ष नहीं है। इसके बावजूद इस्लाम कहीं खतरे में नहीं है। भारत में इस्लामिक राज नहीं है इसलिए धर्मनिरपेक्षता और इस्लाम के खतरे में होने का नारा जब तब क्यों बुलंद किया जाता है? उसका एक ही मकसद है इस्लाम की बुराइयों पर पर्दा डालना।

**दुनिया में हिंदू बहुल देश तो भारत और नेपाल**

आप इस्लामिक आतंकवाद का मुद्दा उठाइए तो फरजी हिंदू आतंकवाद का विमर्श खड़ा कर दिया जाता है। दुनिया में हिंदू बहुल देश तो भारत और नेपाल ही हैं। फिर पूरी दुनिया इस्लामिक आतंक से क्यों परेशान है। ये जो तमाम आतंकी संगठन दुनिया में हैं क्या ये कथित हिंदू आतंकवाद के जवाब में बने हैं। भारत में कथित धर्मनिरपेक्ष लोगों की एक बिरादरी है जो इस्लाम और आतंकवाद के बचाव में हिंदू विरोधी अभियान चलाती है। दुनिया की बात फिलहाल छोड़ देते हैं और सिर्फ भारत की बात करते हैं। भारत पर बहुत आक्रमण हुए। पहले मुस्लिम शासकों और फिर ईसाई शासकों ने देश की संस्कृति यानी हिंदू-सनातन संस्कृति को खत्म करने की कोशिश की, परंतु कभी कर नहीं पाए। कोई तो कारण होगा।

**जितने मजहब भारत में हैं, उतने दुनिया के किसी देश में नहीं**

भारतीय संस्कृति कहें, हिंदू संस्कृति कहें या सनातन, इसकी अंतर्निहित शक्ति है सहिष्णुता और समावेशी होना। जितने मजहब भारत में हैं, उतने दुनिया के किसी देश में नहीं। मुस्लिम शासकों ने तमाम मंदिर तोड़े, जबरन मतांतरण करवाया, हत्या और दुष्कर्म सहित तमाम जुल्म किए। इसके बावजूद हिंदुओं को असहिष्णु कहना प्रायोजित एजेंडे के अलावा और क्या है। ये लोग इतिहास से भी कोई सबक नहीं लेते। हिंदू असहिष्णुता का विमर्श खड़ा करके ये लोग हिंदुओं से ज्यादा मुसलमानों का नुकसान कर रहे हैं। मुसलमानों को यह अहसास ही नहीं होने देते कि उन्हें किन सुधारों की जरूरत है। मुस्लिम समुदाय की दूसरी समस्या यह है कि उसके खैरख्वाह और मुल्ला-मौलवी उसे अतीत के अंधेरे से निकलकर वर्तमान की रोशनी में आने ही नहीं देते। इससे सुधार की गुंजाइश नहीं बचती।

**सनातन धर्म और इस्लाम में बड़ा फर्क**

दरअसल सनातन धर्म और इस्लाम में एक बड़ा फर्क यह है कि सनातन धर्म के लोगों ने समय के साथ आंतरिक सुधार किए। जाति प्रथा को खत्म करने का अभियान समाज के भीतर से ही चला। जब दुनिया के तमाम देश और मजहब महिलाओं को बराबरी का हक देने के बारे में विचार कर रहे थे, सनातन संस्कृति में महिलाओं को बराबरी ही नहीं, बल्कि सम्मान का दर्जा हासिल था। समय-समय पर इसमें बुराइयां आती रहीं तो साथ ही साथ उनमें सुधार का अभियान भी चलता रहा। उसी का नतीजा है कि भारत की बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में देश और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। इसके विपरीत इस्लाम के अनुयायियों को देखिए। देश में जमात-ए-इस्लामी नाम का एक बड़ा संगठन है।

# आर्थिक मोर्चे की दो शानदार खबरों से सशक्त होता भारत

यह उल्लेखनीय एवं संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इंडियन इकॉनमी- अ रिव्यू में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन जाएगा। एक जून को आम चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के चुनाव हो रहे हैं, जिसमें 57 सीटों पर मतदान चल रहा है, चुनाव से पहले कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर विपक्ष की धमासान राजनीति हो रही है, कांग्रेस मामले को लेकर अदालत भी पहुंच गई है, इस राजनीतिक गर्मा-गर्मी के बीच मतदान से ठीक एक दिन पहले आर्थिक मोर्चे पर दो शानदार खबरें आई है, जो न केवल चौंका रही है, आश्चर्यचकित कर रही है बल्कि अपूर्व खुशी का अहसास करा रही है। भारत भूमि पर भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने में 100 टन से कुछ ज्यादा स्वर्ण का शामिल होना सुखद और गौरवान्वित करने वाली खबर है। इसी तरह दूसरी महत्वपूर्ण खबर है पूर्व के सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसदी की दर से उड़ान भरी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, पहली तिमाही अप्रैल-जून में 7.8 फीसदी, दूसरी तिमाही जुलाई-सितंबर में 7.6 प्रतिशत और तीसरी तिमाही अक्टूबर- दिसंबर में 8.6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। जीडीपी की यह रफ्तार दुनिया के सभी विकसित एवं विकासशील देशों में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की यह तेज गति सशक्त अर्थव्यवस्था को एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनने के संकल्प को बल देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से ही भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में एक चमकते सितारे के रूप में उभरी है, सुदृढ़ आर्थिक विकास के सुनहरे परिदृश्य प्रस्तुत कर रही है एवं ह्लमजबूत आर्थिक विकासह्व को दर्शा रही है।

जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। विनिर्माण, निर्माण, लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं द्वारा प्रोत्साहित, चौथी तिमाही की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्थशास्त्रियों द्वारा लगाए गए 7.3-7.4 प्रतिशत के उच्चतम अनुमान से कहीं अधिक रही। और 8.2 प्रतिशत की पूर्ण वर्ष की वृद्धि दर आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत और एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत के दूसरे अग्रिम अनुमान से अधिक है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूवार्नुमानों से ऊपर है। जीडीपी की गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। यह आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। यह जीडीपी इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है।



## खबर संक्षेप



### भारत, जापान के बीच मुद्रा विनिमय समझौता जारी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि भारत और जापान ने 75 अरब डॉलर के द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते को नवीनीकृत किया है। द्विपक्षीय विनिमय व्यवस्था (बीएसए) एक दो-तरफा व्यवस्था होती है जिसमें दोनों प्राधिकरण डॉलर के बदले अपनी स्थानीय मुद्राओं की अदला-बदली कर सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि जापान के वित्त मंत्री के प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत बैंक ऑफ जापान और भारतीय रिजर्व बैंक ने बीएसए के दूसरे संशोधन और पुनर्संरचना समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### वीआईएल को 16.73 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस




**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसे पश्चिम बंगाल के उपायुक्त (बड़ी करदाता इकाई) से 16.73 करोड़ रुपये के जीएसटी भुगतान का आदेश मिला है। दूरसंचार कंपनी ने शेयर बाजार को इस आदेश की सूचना देते हुए कहा है कि वह इससे सहमत नहीं है और इस आदेश के खिलाफ अपील दायर करने के लिए उचित कार्रवाई करेगी। कंपनी को यह आदेश 27 फरवरी को मिला है।

### ओला इलेक्ट्रिक ने फरवरी में बेचीं 25,000 इकाइयां



**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने फरवरी में 25,000 इकाइयां बेचीं और 28 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल की, जिससे इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड में उसका नेतृत्व मजबूत हुआ। ओला इलेक्ट्रिक ने बयान में कहा, कंपनी ने एस1 खंड और देश भर में 4,000 स्टोर के बिक्री-एवं-सेवा नेटवर्क के दम पर बिक्री की यह उपलब्धि हासिल की। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रवक्ता ने कहा, 'हमने फरवरी माह में सफलतापूर्वक मजबूत बिक्री गति और अग्रणी स्थिति बनाए रखी है।'

### एलआईसी को 479.88 करोड़ का जीएसटी मांग नोटिस




**नई दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कहा कि उसे वित्त वर्ष 2020-21 के लिए माल और सेवा कर (जीएसटी) के कम भुगतान के लिए 479.88 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है। एलआईसी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि कंपनी को 27 फरवरी को राज्य कर उपायुक्त, मुंबई से महाराष्ट्र के लिए ब्याज और जुर्माने के लिए एक मांग आदेश प्राप्त हुआ है।

### ब्लिंकिट 10 मिनट में एप्पल उत्पादों की करेगी आपूर्ति




**नई दिल्ली।** क्विक कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट ने भारत के चुनिंदा शहरों में 10 मिनट के भीतर मैकबुक एयर, आईपैड और एयरपॉड्स सहित एप्पल उत्पादों की डिलिवरी शुरू कर दी है। कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अलबिंदर ढींढसा ने यह जानकारी दी। एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अब मैकबुक एयर, आईपैड, एयरपॉड्स, एप्पल वॉच और अन्य एप्पल एक्सेसरीज (साजो-सामान) 10 मिनट में प्राप्त कर सकते हैं।

# आज से एलपीजी सिलेंडर से लेकर म्यूचुअल फंड और एफडी में होंगे बड़े बदलाव

नई दिल्ली

1 मार्च 2025 से कई महत्वपूर्ण नियम बदलने जा रहे हैं, जो आपकी जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर डालेंगे।

- आम आदमी के जेब पर दिखेगा असर

इन बदलावों में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें, म्यूचुअल फंड से जुड़े नियम, फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के नियम, बैंकों की छुट्टियां और यूपीआई पेमेंट सिस्टम शामिल हैं। हर महीने की पहली तारीख को तेल कंपनियां एलपीजी सिलेंडर की कीमतों की समीक्षा करती हैं। 1 मार्च 2025 को भी गैस सिलेंडर की नई कीमतें जारी की जा सकती हैं, जिससे सिलेंडर सस्ता या महंगा हो सकता है। यह बदलाव आपके घरेलू बजट पर सीधा प्रभाव डालेगा क्योंकि एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ने से रसोई खर्च बढ़ सकता है और घटाने से राहत मिल सकती है। बता दें, 1 फरवरी को 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में कटौती देखने को मिली थी।

### फिक्स्ड डिपॉजिट के नियम

1 मार्च से एफडी के नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं। बैंकों ने एफडी पर मिलने वाली ब्याज दरों में बदलाव किए हैं, जो आपके निवेश पर रिटर्न को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा, टैक्स और निकासी के तरीकों पर भी असर पड़ सकता है। अगर आप एफडी में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो इन बदलावों को समझना आपके लिए फायदेमंद होगा।

- बैंकों ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज दरों में बदलाव किए गए




### म्यूचुअल फंड से जुड़ा नियम बदलेगा

सेबी ने म्यूचुअल फंड और डीमैट अकाउंट्स में नॉमिनेशन के नियमों में 1 मार्च 2025 से बड़े बदलाव किए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब निवेशक अपने डीमैट अकाउंट्स या म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो में 10 लोगों को नॉमिनी बना सकेंगे।

### यूपीआई पेमेंट सिस्टम

यूपीआई पेमेंट सिस्टम में भी बदलाव होने जा रहे हैं। नए नियम के तहत, बीमा-एएसबी सर्विस को यूपीआई सिस्टम में जोड़ा जा रहा है, जिससे लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होल्डर अपने प्रीमियम पेमेंट के लिए पहले से अमाउंट ब्लॉक कर सकेंगे। यह बदलाव बीमा प्रीमियम के भुगतान को और अधिक आसान बनाएगा।

### बैंकों की छुट्टियां

मार्च 2025 में बैंकों की छुट्टियों में भी बदलाव होगा। इस महीने में बैंक 14 दिन बंद रहेंगे, जिससे बैंकिंग सेवाओं के लिए पहले से योजना बनानी होगी। यह बदलाव आपके वित्तीय लेन-देन को प्रभावित कर सकता है। इन सभी बदलावों के साथ, 1 मार्च 2025 से आपकी वित्तीय योजनाओं और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

## राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किया आंकड़ा

# आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में घटकर 6.2 प्रतिशत पर, कृषि क्षेत्र का प्रदर्शन बेहतर

नई दिल्ली

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में घटकर 6.2 प्रतिशत रह गई। कृषि को छोड़कर खनन, विनिर्माण और अन्य सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन खराब रहने से इसमें सुस्ती आई है। हालांकि तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर में सुधार दर्ज किया गया है। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत रही थी।

- खनन, विनिर्माण और अन्य सभी क्षेत्रों का प्रदर्शन रहा खराब

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को आर्थिक प्रदर्शन से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत थी। एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर का दूसरा अग्रिम अनुमान भी जारी किया। इसने जनवरी में जारी पहले अग्रिम अनुमान में अनुमानित 6.4 प्रतिशत के मुकाबले आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

**खास बातें**

- तिमाही आधार पर आर्थिक वृद्धि दर में सुधार दर्ज
- दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 5 .6 प्रतिशत रही थी



### आकार 331.03 होने का अनुमान

बयान के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर जीडीपी का आकार चालू वित्त वर्ष के अंत में 331.03 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जबकि 2023-24 में यह 301.23 लाख करोड़ रुपये थी। इस तरह 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में स्थिर कीमतों पर जीडीपी 47.17 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में यह 44.44 लाख करोड़ रुपये थी।

### स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 187.95 लाख करोड़ होगा

एनएसओ ने बयान में कहा, "वित्त वर्ष 2024-25 में वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर जीडीपी का आकार 187.95 लाख करोड़ रुपये हो जाने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 176.51 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो 2023-24 में 9.2 प्रतिशत थी।

### विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 3.5 फीसदी

सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) के मुताबिक, तीसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर एक साल पहले की समान तिमाही के 14 प्रतिशत से घटकर 3.5 प्रतिशत रह गई। खनन और उत्खनन उत्पादन वृद्धि दर तीसरी तिमाही में एक साल पहले के 4.7 प्रतिशत से घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर भी एक साल पहले के 10 प्रतिशत से घटकर सात प्रतिशत रह गई।

### कृषि क्षेत्र का उत्पादन बढ़ा

हालांकि, इस तिमाही में कृषि क्षेत्र का उत्पादन 5.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। राष्ट्रीय लेखा आंकड़ों से पता चलता है कि बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य जन केंद्रित सेवा क्षेत्र में तीसरी तिमाही में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर घटकर 6.7 फीसदी

सेवा क्षेत्र- व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं में वृद्धि दर एक साल पहले के आठ प्रतिशत के मुकाबले 6.7 प्रतिशत रही। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में तीसरी तिमाही में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 8.4 प्रतिशत थी। लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 8.4 प्रतिशत से अधिक है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.76 अरब डॉलर बढ़ा

नई दिल्ली

मुंबई देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.76 अरब डॉलर बढ़कर 640.48 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर घटकर 635.72 अरब डॉलर रह गया था। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण पिछले कई



हफ्तों से मुद्राभंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों अनुसार, 21 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.25 अरब डॉलर बढ़कर 543.84 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

### स्वर्ण भंडार बढ़कर 74.58 अरब डॉलर

हालांकि, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 42.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 74.58 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.3 करोड डॉलर बढ़कर 17.97 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 70 लाख डॉलर बढ़कर 4.09 अरब डॉलर हो गया।

# सेबी प्रमुख बुच की जगह लेंगे तुहिन कांत पांडेय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की पहली महिला सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच शुक्रवार को अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद सेवानिवृत्त हो रही हैं। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय उनकी जगह लेंगे।

- तीन साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद हो रही सेवानिवृत

बुच हाल ही में कथित हितों के टकराव को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा में रही हैं।

सेबी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बुच ने दो मार्च 2022 को तीन साल की अवधि के लिए पदभार संभाला था। वह अप्रैल 2017 से एक मार्च 2022 तक सेबी की पूर्णकालिक सदस्य भी रहीं। बुच ने पूर्व आईएएस अधिकारी अजय त्यागी का स्थान लिया था, जो एक मार्च 2017 से 28 फरवरी



2022 तक, पांच वर्षों तक शीर्ष पद पर रहे थे। बुच ने अपने कार्यकाल में इक्विटी के तेजी से निपटान, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) खुलासे में वृद्धि तथा म्यूचुअल फंड पैठ बढ़ाने जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की, लेकिन उनके कार्यकाल के अंतिम वर्ष में काफी विवाद हुआ जब सेबी के कर्मचारियों ने ''कामकाज के गलत तरीकों'' के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। साथ ही अमेरिका की शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग तथा विपक्षी दल कांग्रेस ने भी उनपर कई आरोप लगाए थे। हालांकि, हिंडनबर्ग ने अपना कारोबार समेटने की इस महीने ही घोषणा की है।

### बुच ने किया आरोपों से इनकार

बुच ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि ये निवेश उनके नियामक का प्रमुख बनने से पहले किए गए थे और उन्होंने खुलासे के लिए सभी आवश्यक नियमों का पालन किया था। सरकार ने हालांकि अपनी ओर से सार्वजनिक रूप से यह नहीं बताया कि क्या उसने बुच से स्पष्टीकरण मांगा था या नहीं।

### एजीईएल की अक्षय ऊर्जा क्षमता में हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात के खावड़ा में 275 मेगावाट की अतिरिक्त सौर ऊर्जा परियोजना के चालू होने से उसकी कुल परिचालन अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 12,258.1 मेगावाट हो गई है। एजीईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, '' कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फाइव ए लिमिटेड ने गुजरात के खावड़ा में 275 मेगावाट की अतिरिक्त सौर ऊर्जा परियोजना का संचालन शुरू कर दिया है। बयान के अनुसार, इस संयंत्र के चालू होने के साथ ही एजीईएल की कुल परिचालन अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़कर 12,258.1 मेगावाट हो गई है। संबंधित मंजूरी के आधार पर 27 फरवरी 2025 को संयंत्र को चालू करने और 28 फरवरी 2025 से बिजली उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया गया।

भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने वृद्धि करनी होगी

# भारत को उच्च आय वाला देश बनने 7.8% वृद्धि की जरूरत

नई दिल्ली

भारत को वर्ष 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के लिए औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि करनी होगी। विश्व बैंक की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। विश्व बैंक ने 'एक पीढ़ी में उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनना' शीर्षक से जारी अपने भारत देश ज्ञापन में कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को वित्तीय क्षेत्र के साथ भूमि एवं श्रम बाजारों में भी सुधार करने होंगे। वर्ष 2000 से 2024 के

- विश्व बैंक ने जारी रिपोर्ट में दी जानकारी



बीच भारत की औसत वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने को मान्यता देते हुए यह रिपोर्ट कहती है कि भारत की पिछली उपलब्धियां उसकी भविष्य की महत्वाकांक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट कहती है, "हालांकि 2047 तक उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंचना सामान्य स्थिति में संभव नहीं होगा... इसके लिए भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई (सकल राष्ट्रीय आय) को वर्तमान स्तरों से लगभग आठ गुना बढ़ाना होगा, वृद्धि को और तेज करना होगा और अगले दो दशकों तक ऊंचे स्तर पर बने रहना होगा।

### त्वरित पैकेज सुधार ही एक रास्ता

इसके साथ ही व्यापक आर्थिक स्थिरता को भी बढ़ावा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, "साल 2047 तक उच्च आय तक पहुंचने के लिए आने वाले दशकों में भारत की वृद्धि दर वास्तविक रूप से औसतन 7.8 प्रतिशत होनी चाहिए... केवल 'त्वरित सुधार' पैकेज ही भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने के रास्ते पर ला सकता है।"



### अमेरिकी अर्थव्यवस्था 2.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी

**वाशिंगटन।** दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही में सालाना आधार पर 2.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। त्योहारी मौसम में उपभोक्ता व्यय बढ़ने से अर्थव्यवस्था को समर्थन मिला। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने अक्टूबर-दिसंबर, 2024 तिमाही के ये आंकड़े जारी किए। इसके साथ ही बीती तिमाही में वृद्धि का शुरुआती अनुमान अपरिवर्तित रहा। हालांकि, तिमाही आधार पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन में गिरावट आई है। जुलाई-सितंबर, 2024 की अवधि में अमेरिका की जीडीपी वृद्धि दर 3.1 प्रतिशत रही थी। इसके साथ ही वर्ष 2024 के समूचे वित्त वर्ष में अमेरिका की आर्थिक वृद्धि दर 2.8 प्रतिशत रही जबकि वर्ष 2023 में यह 2.9 प्रतिशत रही थी। आलोच्य अवधि में उपभोक्ता व्यय 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे टूटकर 87.46 पर बंद

मुंबई

अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 28 पैसे कमजोर होकर 87.46 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा कई



देशों पर शुल्क लगाए जाने से वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल मच गई है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता होने से अमेरिकी डॉलर सूचकांक में भी अस्थिरता हो गई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.32 पर खुला और कारोबार के दौरान 87.53 प्रति डॉलर के निचले स्तर एवं 87.46 प्रति डॉलर के उच्च स्तर तक गया। कारोबार के अंत में रुपया 87.46 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 28 पैसे की गिरावट है।

## पांच दिनों में आई 20 फीसदी से अधिक गिरावट

# क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन, एथेरियम, डॉगकॉइन हुई धड़ाम

नई दिल्ली

क्रिप्टोकरेंसी में इस समय भूचाल आया हुआ है। बिटकॉइन, एथेरियम, डॉगकॉइन समेत कई बड़ी-बड़ी क्रिप्टोकरेंसी धड़ाम हो गई हैं। पिछले 5 दिनों में इनकी कीमत 20 फीसदी से ज्यादा तक गिर गई है। सबसे ज्यादा नुकसान दुनिया की दूसरी सबसे महंगी क्रिप्टो एथेरियम को हुआ है। वहीं पिछले 24 घंटे में भी स्थिति बहुत अच्छी नहीं रही है। दुनिया की सबसे महंगी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत पिछले 24 घंटे में 5 फीसदी से ज्यादा गिर गई है। शुक्रवार शाम इसकी कीमत 69.94 लाख रुपए थी। वहीं पिछले 5 दिनों में इसमें करीब 16 फीसदी की गिरावट आई है। एक महीने में स्थिति और बुरी रही है। पिछले एक महीने में बिटकॉइन की कीमत 22 फीसदी गिर गई है।

### *एथेरियम एक माह में 30 फीसदी लुढ़की*

*बिटकॉइन के बाद यह दुनिया की दूसरी सबसे महंगी करेंसी है। शुक्रवार को इसमें 7 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई। शाम इसकी कीमत 1.86 लाख रुपए थी। वहीं पिछले 5 दिन की बात करें तो इसमें 23 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। बड़ी-बड़ी क्रिप्टोकरेंसी में एथेरियम में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। वहीं बात अगर एक महीने की करें तो यह 30 फीसदी से ज्यादा लुढ़क चुकी है।*




### रिपल एक माह में 33 फीसदी गिर चुकी

इस क्रिप्टोकरेंसी का नाम भी टॉप की क्रिप्टो में आता है। लेकिन गिरावट के दौर से यह भी नहीं बची है। शुक्रवार को यह 7 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 177.76 रुपए थी। पिछले 5 दिनों में इसमें करीब 20 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं एक महीने में यह क्रिप्टो 33 फीसदी गिर चुकी है।

### मस्क की पसंदीदा करेंसी डॉगकॉइन

इस क्रिप्टोकरेंसी को दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की फेवरेट करेंसी भी कहा जाता है। डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव जीतने के बाद इसमें काफी तेजी आई थी, लेकिन अब इसमें भी गिरावट आ रही है। शुक्रवार को यह क्रिप्टो करीब 10 फीसदी की गिरावट के साथ 16.31 रुपए पर थी। पिछले 5 दिनों में यह करीब 22 फीसदी लुढ़क चुकी है। वहीं एक महीने में इसमें 40 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है।


# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी में 4.6 प्रतिशत

नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी महीने में बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गयी जो एक साल पहले इसी महीने में 4.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 में आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत थी।

- कोयला उत्पादन 4 .6 फीसदी बढ़ा

इस साल जनवरी में कोयला उत्पादन 4.6 प्रतिशत, इस्पात उत्पादन 3.7 प्रतिशत और बिजली उत्पादन 1.3 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल इसी महीने में इन उद्योगों में क्रमशः 10.6 प्रतिशत, 9.2 प्रतिशत और 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और सीमेंट का उत्पादन बढ़कर क्रमशः 8.3 प्रतिशत, तीन प्रतिशत और 14.5 प्रतिशत हो गया।



### आईआईपी का 40.27 फीसदी योगदान

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान है, जो समग्र स्तर पर औद्योगिक वृद्धि को मापता है।

# नेक्सट कोन्कलेव : बोले पीएम मोदी, ब्रिटिश काल के कानून 75 साल तक चलते रहे, लुटियन जमात, खान मार्केट गैंग कह कर विपक्ष पर बरसे

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित नेक्सट कोन्कलेव 2025 में शामिल हुए. उन्होंने न्यूजएक्स वर्ल्ड के शुभारंभ पर हार्दिक बधाई दी. कहा कि इस नेटवर्क में हिंदी, अंग्रेजी और विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं के चैनल शामिल हैं और आज यह वैश्विक हो रहा है. कार्यक्रम में आईटीवी मीडिया नेटवर्क के संस्थापक और राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट, श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे. अपने भाषण में पीएम ने विरोधियों पर करारा हमला बोला. कहा कि ब्रिटिश काल के कई अजीबो-गरीब कानून 75 साल तक चलते रहे. पीएम लुटियन जमात (दिल्ली के पॉश इलाके में रहने वाले लोग) और खान मार्केट गैंग कह कर विरोधियों पर बरसे. ब्रिटिश काल के पुराने कानूनों का जिक्र कर कथित आलोचकों द्वारा चुप्पी साधे रहने पर सवाल खड़े किया.

**शादी में 10 से ज्यादा लोग नाचते तो पुलिस दूल्हे सहित सभी को गिरफ्तार कर सकती थी**

इस क्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने एक पुराने कानून का जिक्र करते हुए कहा कि एक ऐसा कानून था कि अगर शादी में 10 से ज्यादा लोग एक साथ नाचते तो पुलिस दूल्हे सहित सभी को गिरफ्तार कर सकती थी. लेकिन सभी चुप थे. हमने इन कानूनों को खत्म किया. प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, जिन्हें Public Interest Litigation का ठेका मिला हुआ है और जो लोग हर मुद्दे पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाने पहुंच जाते हैं. उन्होंने इन दमनकारी कानूनों के खिलाफ कभी आवाज क्यों नहीं उठाई? तब इन्हें लोगों की स्वतंत्रता का ध्यान नहीं रहता था.

**अगर यही कानून मोदी लाता तो सोचिए क्या होता?**

पीएम ने कहा, अगर यही कानून मोदी लाता तो सोचिए क्या होता? सोशल मीडिया के ट्रोल्स अगर झूठ भी फैला देते तो ये लोग आग लगा देते, मोदी के बाल तक नोच लेते. लेकिन हमारी सरकार ने इस गुलामी के कानून को खत्म कर दिया. विपक्ष पर हमलावर होते हुए कहा, जो लोग खुद को बुद्धिजीवी करार देते हैं, वे ब्रिटिश काल के कानूनों पर चुप थे. हमारी सरकार ने गुलामी की मानसिकता से छुटकारा दिलाने का काम किया.

**अंग्रेजों के 150 साल पुराने कानून ड्रामेटिक परफॉर्मेंस एक्ट की याद दिलायी**

मोदी ने अंग्रेजों के 150 साल पुराने कानून ड्रामेटिक परफॉर्मेंस एक्ट की याद दिलायी. कहा कि अंग्रेज चाहते थे कि थिएटर और ड्रामे का इस्तेमाल उनके खिलाफ न हो. इस कानून में प्रावधान था कि सार्वजनिक जगह पर 10 लोग डांस करते मिल जायें तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है. ये कानून हमारी सरकार ने हटाया.70 साल तक हमने कानून झेला.

**पीएम ने कहा, पहले बांस काटने पर जेल हो जाती थी**

पीएम ने कहा, मुझे उस समय की सरकारों के बारे में कुछ नहीं कहना, लेकिन मुझे लुटियंस जमात और खान मार्केट गैंग पर आश्चर्य होता है. पीएम ने कहा, पहले बांस काटने पर जेल हो जाती थी. पहले की सरकारें ये समझने में नाकाम रहीं कि बांस, पेड़ नहीं होता. हमारी सरकार ने इस कानून को खत्म किया.

**प्रयागराज एकता का महाकुंभ था, दुनिया हैरान रह गयी**

पीएम मोदी ने कहा, 26 फरवरी को प्रयागराज में एकता का महाकुंभ संपन्न हुआ. दुनिया हैरान रह गयी कि आखिर करोड़ों लोग एक अस्थायी शहर में सिर्फ पवित्र स्नान के लिए कैसे आ सकते हैं? मोदी ने अपनी हालिया फ्रांस यात्रा का जिक्र किया. बताया कि भारत अब दुनिया के बड़े समिट्स की अगुआई कर रहा है.

# अशांत जम्मू-कश्मीर में शांति की आहट, फरवरी 2025 में सिर्फ 3 हत्याएं

एजेंसी

**श्रीनगर।** अशांत माने जाने वाले जम्मू-कश्मीर में हालात तेजी से बदल रहे हैं. फरवरी 2025 में केवल तीन हत्याएं दर्ज की गईं, जो पिछले 25 वर्षों में दूसरा सबसे शांतिपूर्ण फरवरी रहा. इससे पहले, पिछले महीने भी इतनी ही घटनाएं हुई थीं. यह आंकड़ा सुरक्षा स्थिति में सुधार और शांति बहाली की ओर इशारा करता है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस महीने दो अलग-अलग घटनाओं में एक नागरिक (पूर्व सैनिक) और दो सैन्यकर्मियों की मौत हुई. जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर ईटीवी भारत को बताया कि पहली घटना 3 फरवरी को हुई थी, जब मंजूर अहमद वागे के रूप में पहचाने गए एक सेवानिवृत्त सैनिक की मौत हो गई थी. जबकि उनकी पत्नी और भतीजी घायल हो गईं थीं. अज्ञात आतंकवादियों ने कुलगाम जिले के बेहीबाग इलाके में उन पर गोलीबारी की थी. 11 फरवरी को कैप्टन करमजीत सिंह बख्श और नायक मुकेश सिंह मन्हास सहित दो सैन्यकर्मी मारे गए थे. संदिग्ध आतंकवादियों ने जम्मू जिले के अखनूर तहसील के भट्टल गांव के लालेली इलाके में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को विस्फोट कर दिया था. अधिकारी ने कहा, ₹2025 के आंकड़े फरवरी 2013 के आंकड़ों के समान हैं, जब दो आतंकवादी और एक नागरिक मारे गए थे. फर्क सिर्फ इतना है कि इस साल दो सैनिक मारे गए, जबकि उस साल दो आतंकवादी मारे गए थे. पिछले महीने जम्मू-कश्मीर में भी तीन मौतें हुईं, जिनमें एक सैनिक और दो आतंकवादी मारे गए.

# मार्च के मध्य तक मिल सकता है भाजपा को नया अध्यक्ष, महिला के नाम पर भी बन सकती है सहमति

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी 13 से अधिक राज्यों में संगठनात्मक चुनाव संपन्न होने के बाद 15 या 16 मार्च तक अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा करने के लिए तैयार है। पार्टी सूत्र बताते हैं कि जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी पर फैसला आंतरिक सहमति बनाकर किया जाएगा। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने संकेत दिया है कि जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा था, पार्टी का लक्ष्य इस शीर्ष पद पर एक महिला को नियुक्त करना है, जो संभवतः दक्षिण भारत से होगी ताकि दक्षिणी राज्यों के लोगों को एक मजबूत संगठनात्मक संदेश भेजा जा सके।

यदि दक्षिण की किसी महिला को इस पद के लिए चुना जाता है तो या तो आंध्र भाजपा प्रमुख दग्गुबाती पुरंदेश्वरी या भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर विधायक वनथी श्रीनिवासन सबसे संभावित उम्मीदवार के रूप में उभर सकती हैं। भाजपा, जो परंपरागत रूप से परामर्श के माध्यम से एकता को बढ़ावा देने के लिए जानी जाती है, अपनी निर्णय लेने की प्रक्रिया में कई कारकों पर विचार कर रही है, जिसमें क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, जाति की गतिशीलता और आगामी चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन शामिल है। इससे पहले, भाजपा ने कथित तौर पर दिसंबर 2024 तक एक नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने का लक्ष्य रखा था। वर्तमान में, जेपी नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता हैं और मोदी सरकार में स्वास्थ्य, रसायन और उर्वरक विभाग रखते हैं। नड्डा 2019 में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बने। जनवरी 2020 में उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत किया गया। 2023 में, मई 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले, उनका तीन साल का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था। सूत्र ने कहा कि दग्गुबाती पुरंदेश्वरी सबसे आगे चलने वालों में से एक हैं। क्षेत्रीय प्रभाव और राष्ट्रीय एकजुटता को संतुलित करने की इच्छुक पार्टी इनमें से एक उम्मीदवार का चयन कर सकती है। पुरंदेश्वरी, लगभग 66 वर्ष की उम्र में, संगठनात्मक मामलों में अपना महत्वपूर्ण अनुभव लेकर, 2014 में कांग्रेस छोड़ने के बाद भाजपा में शामिल हो गईं।

# परिसीमन और भाषा विवाद के बीच एमके स्टालिन ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

एजेंसी



**कर्नाटक।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रस्तावित लोकसभा परिसीमन अभ्यास और तीन-भाषा नीति से संबंधित चिंताओं पर चर्चा करने के लिए 5 मार्च को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें 45 राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, बीजेपी ने कड़ी आपत्ति जताते हुए बैठक का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। बीजेपी नेताओं ने कहा कि उनका फैसला गहन विचार-विमर्श के बाद आया है। एक भाजपा नेता ने कहा कि हमने बैठक में भाग नहीं लेने के अपने कारणों को बताते हुए मुख्यमंत्री को एक विस्तृत पत्र भेजा है। स्टालिन के पत्र में परिसीमन और तीन-भाषा नीति के संबंध में कई सवाल उठाए गए हैं, और हमने प्रति-प्रश्न करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं भी प्रदान की हैं। मुख्यमंत्री की चिंताओं के आधार पर सवाल उठाते हुए, भाजपा ने पूछा, आप किस आधार पर दावा कर रहे हैं कि तमिलनाडु की संसदीय सीटें कम हो जाएंगी? यह जानकारी किसने प्रदान की? यदि स्रोत का खुलासा किया जाता है, तो हम अपने रुख पर पुनर्विचार करने के लिए तैयार हैं। विशेष रूप से, तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईडीएमके) द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार द्वारा बुलाई गई सर्व-राजनीतिक दल की बैठक में भाग लेगी।

# भारत में बहुत जल्द दौड़ेगी बुलेट ट्रेन, स्पीड 350 किमी प्रति घंटा, रेल मंत्री ने किया निरीक्षण

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** देश में बहुत जल्द बुलेट ट्रेन का सपना साकार होगा. इसके निर्माण कार्य तेजी से हो रहे हैं. शनिवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुजरात में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया. उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में कहा- ह्लबुलेट ट्रेन के काम में प्रगति अच्छी है.. यह अच्छी बात है कि इस काम के कारण कई तकनीकी क्षमताएं भारत में शुरू हो गई हैं और कई फर्मों ने संबंधित घटकों का निर्यात करना शुरू कर दिया है. महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की सरकार के दौरान हमें अनुमति नहीं मिली, लेकिन अब हमें देवेंद्र-फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है.

**350 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी बुलेट ट्रेन**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- 360 किलोमीटर का काम करीब पूरा हो चुका है. जब 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलेगी, तो उसके चारों ओर प्रेशर का वातावरण तैयार होगा. इसलिए स्टेशनों के निर्माण में विशेष ध्यान दिया जा रहा है. स्टेशन पर जो दो लाइन बनेगी, तो ट्रेन की स्पीड को ध्यान में रखकर स्टेशन के रूफ को विशेष तरीके से डिजाइन किये जा हैं. हर चीज का विशेष ध्यान रखा जा है. उन्होंने बताया, स्टेशन, ट्रैक, टनल में अच्छे और तेजी से काम चल रहे हैं.

**इन स्टेशनों के बीच दौड़ेगी बुलेट ट्रेन**

इसे मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के नाम से जाना जाता है. जिसकी दूरी 508 किलोमीटर है. इस परियोजना में गुजरात (352 किमी) और महाराष्ट्र (156 किमी) शामिल हैं, जिसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद/नडियाद, अहमदाबाद और साबरमती में कुल 12 स्टेशनों की योजना बनाई गई है.

# 31 मार्च के बाद 15 साल पुरानी गाड़ियों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल, बीजेपी सरकार का बड़ा फैसला



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की बीजेपी सरकार ने पुरानी गाड़ियों को लेकर बड़ा फैसला लिया है. पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया, 31 मार्च के बाद 15 साल पुरानी गाड़ियों को ईंधन नहीं दिया जाएगा. हम पेट्रोल पंप पर इसको लेकर गैजेट्स लगा रहे हैं, जो करीब 80 प्रतिशत पंप पर लग चुके हैं. 31 मार्च तक सभी पंप पर गैजेट्स लग जाएंगे. फिर 15 साल पुरानी गाड़ियों की पहचान की जाएगी और उन्हें ईंधन नहीं दिया जाएगा. इसके अलावा 15 साल पुरानी गाड़ियों की पहचान के लिए एक टीम बनाई जा रही है. ये टीम दिल्ली में ऐसे वाहनों को प्रवेश करने से रोकेगी और अगर प्रवेश कर गए हैं, तो उन्हें बाहर भेजेगी. पर्यावरण मंत्री ने बताया- दिल्ली में कुछ बड़े होटल हैं, कुछ बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स हैं, दिल्ली एयरपोर्ट है, बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट्स हैं. हम इन सभी के लिए तुरंत अपने यहां प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं. हम दिल्ली की सभी ऊंची इमारतों के लिए स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं. हम दिल्ली के सभी होटलों के लिए स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं. इसी तरह, हम सभी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के लिए इसे अनिवार्य करने जा रहे हैं. हमने आज फैसला किया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके.

# शाह का समीक्षा बैठक में मणिपुर में नशे का नेटवर्क ध्वस्त करने, लूटे गये हथियारों का समर्पण सुनिश्चित करने का निर्देश

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दिल्ली में मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की. बैठक में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, मणिपुर सरकार, सेना और अर्धसैनिक बलों के शीर्ष अधिकारी शामिल थे. खबर है कि समीक्षा के तहत मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने और विभिन्न समूहों द्वारा अवैध और लूटे गये हथियारों को आत्मसमर्पण कराने पर मंथन किया गया. जान लें कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह पहली महत्वपूर्ण बैठक थी. मणिपुर में 2023 से जातीय हिंसा जारी है. हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं.

**गृह मंत्री ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली**

सूत्रों के अनुसार गृह मंत्री ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति को लेकर अधिकारियों से अध्यतन जानकारी ली. अमित शाह को राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विस्तृत जानकारी मुहैया कराई गयी. बताया गया कि समीक्षा बैठक का सारा फोकस राज्य में मई 2023 से पहले की तरह सामान्य स्थिति बनाने और तमाम समूहों के पास मौजूद अवैध और लूटे गटे हथियारों को वापस कराये जाने पर रहा. इस अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 8 मार्च, 2025 से मणिपुर के सभी रास्तों पर जनता की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित की जाये. रास्तों में अवरोध उत्पन्न करने वालों और जबरन उगाही के मामलों पर खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखी जाये..

**अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दोनों तरफ बाड़ लगाने का शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश**

उन्होंने कहा कि मणिपुर से लगने वाली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर आवाजाही के लिए चिह्नित प्रवेश स्थानों के दोनों तरफ बाड़ लगाने का शीघ्रता से पूरा किया जाये. मणिपुर में नशे के व्यापार में लिप्त पूरा नेटवर्क ध्वस्त किया जाये. बता दें कि मणिपुर में 13 फरवरी को एन बीरेन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिये जाने के बाद विधानसभा को निलंबित करते हुए राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है, राज्यपाल ने 20 फरवरी को अवैध और लूटे गये हथियार रखने वाले लोगों को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी थी.

# मुख्यमंत्री नायडू ने आशा कार्यकताओं के लिए ग्रेच्युटी और मातृत्व अवकाश को दी मंजूरी

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू ने मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकताओं (आशा) के लिए ग्रेच्युटी एवं सवेतन मातृत्व अवकाश तथा सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आशा कार्यकताओं को उपदान का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। वे लोग और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करते हैं। जारी की गई एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, इससे 30 वर्ष की सेवा देने वाली प्रत्येक आशा (कार्यकर्ता) को 1.50 लाख रुपये का सेवानिवृत्ति लाभ मिलेगा। इसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री के निर्णय से 42,752 कार्यकताओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने पात्र स्वास्थ्यकर्मियों की पहली दो गभार्वास्था के दौरान 180 दिनों के सवेतन मातृत्व अवकाश के विस्तार को मंजूरी दी है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि इसके अलावा नायडू ने आशा कार्यकताओं की सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 कर दी है।

# दिल्ली में निर्माण के लिए नहीं लेनी होगी अब पुलिस से मंजूरी, गृह मंत्री अमित शाह का निर्देश

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, गृह विभाग मंत्री आशीष सूद और दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा के साथ कानून व्यवस्था को लेकर एक हाई-लेवल मीटिंग की. इस मीटिंग के दौरान उन्होंने दिल्ली से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बात की. इसी बीच उन्होंने कहा कि अब से दिल्ली में निर्माण के लिए पुलिस से परमिशन लेने की जरूरत नहीं होगी. साथ ही अमित शाह ने लगातार खराब प्रदर्शन कर रहे पुलिस स्टेशनों और सब डिवीजन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात की है. 26 साल के इंतजार के बाद बीजेपी ने आखिरकार इस साल बहुमत के साथ दिल्ली में अपनी सरकार बनाई है. सत्ता में आने के बाद दिल्ली के कानून व्यवस्था को लेकर यह पहली मीटिंग है. अमित शाह ने दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को एक-दूसरे के सहयोग कर एक आदर्श राजधानी बनाने की बात कही है. इसके अलावा उन्होंने पुलिस अधिकारियों के कई निर्देश भी दिए हैं.

**पुलिस को मिले निर्देश**

- दिल्ली पुलिस के खाली पदों पर जल्दी से भर्ती शुरू करनी चाहिए.
- गृह मंत्री ने कहा है कि दिल्ली पुलिस जल्द से जल्द यह सुनिश्चित करे कि वह इंटर स्टेट गैंग को दिल्ली से निकाल दे.
- खराब प्रदर्शन कर रहे पुलिस स्टेशनों और डिवीजनों पर कार्रवाई कीजाए.
- बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जेजे क्लस्टरों में एक नई सुरक्षा समितियां बनाई जाएंगी.
- डीसीपी लेवल के अधिकारी पुलिस स्टेशन में जाएं और जनसुनवाई कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें.
- दिल्ली की ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर उन्होंने पुलिस को उन सभी ट्रैफिक जाम वाले जगहों की पहचान करने को कहा है साथ ही पुलिस कमिश्नर और मुख्य सचिव को मीटिंग कर समाधान निकालना चाहिए यह भी कहा.
- उन्होंने 2020 में दिल्ली हुए दंगों की घटना को जल्दी निपटाने के लिए दिल्ली सरकार को स्पेशल अभियोजन की नियुक्ति की बात कही.

# जेलेंस्की-ट्रंप के बीच तीखी बहस, व्हाइट हाउस से निकाले गये जेलेंस्की

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात एक तीखी बहस में बदल गयी, जो वर्तमान में पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है. इस बातचीत के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ, लेकिन यह चर्चा नोंकझोंक में बदल गयी. गुस्से में जेलेंस्की ने ट्रंप से यह तक कह दिया कि आप पुतिन की भाषा बोल रहे हैं. ट्रंप ने बीच में ही बातचीत बंद कर दी और जेलेंस्की भी व्हाइट हाउस छोड़कर अपने होटल चले गये. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मानें तो ट्रंप ने ही जेलेंस्की को व्हाइट हाउस छोड़ने को कहा था.

**ट्रंप का आरोप, जेलेंस्की शांति के लिए तैयार नहीं, अमेरिका का अपमान किया**

राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि आज व्हाइट हाउस में उनकी बैठक बहुत महत्वपूर्ण रही. उन्होंने बताया कि इस बातचीत से कई बातें सामने आईं जो बिना इस तरह के तनाव और दबाव के समझना मुश्किल था. ट्रंप ने कहा कि यह दिलचस्प है कि भावनाओं के जरिए क्या-क्या सामने आता है. उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति जेलेंस्की शांति के लिए तैयार नहीं हैं, जब तक अमेरिका इसमें शामिल है. क्योंकि उन्हें लगता है कि अमेरिका की मदद उन्हें वार्ता में लाभ देती है. ट्रंप ने कहा कि उन्हें कोई लाभ नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें शांति चाहिए. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जेलेंस्की ने अपने ओवल ऑफिस में अमेरिका का अपमान किया. ट्रंप ने कहा कि जब जेलेंस्की सच में शांति के लिए तैयार होंगे, तब वे वापस आ सकते हैं.

**डील के लिए बुलाकर अमेरिका ने अवमानना की**

इस बहस के बाद यूक्रेन के नागरिक समेत कई देश जेलेंस्की के समर्थन में आ गये हैं. उनका कहना है कि व्हाइट हाउस में बातचीत के दौरान अमेरिका ने अवमानना दिखायी. वहीं जेलेंस्की की तारीफ करते हे कहा कि उन्होंने देश के हितों की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ाई की. यूक्रेन के राष्ट्रपति के समर्थन में उतरने वाले देशों में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, यूके के अलावा स्लोवेनिया, बेल्जियम, आयरलैंड, ऑस्ट्रिया, रोमानिया, क्रोएशिया, फिनलैंड, एस्तोनिया, लातविया, नीदरलैंड, लक्समबर्ग, पुर्तगाल, स्वीडन, नॉर्वे, चेक रिपब्लिक, लिथुआनिया, मोलदोवा, स्पेन, पोलैंड, और ईयू ब्लॉक शामिल हैं. इटली ने एक शिखर सम्मेलन का भी आह्वान किया है. दरअसल व्हाइट हाउस में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन द्वारा यूक्रेन को दी गयी आर्थिक और सैन्य सहायता का मुआवजा मांगा. ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका को उस निवेश का रिटर्न चाहिए और उन्होंने 500 अरब डॉलर की मांग की. लेकिन ट्रंप 350 अरब डॉलर पर मानने को तैयार हुए. इस बीच, ट्रंप ने शर्त रखी कि यूक्रेन को सुरक्षा संबंधी कोई सहायता नहीं मिलेगी.

# लंदन हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, संजय भंडारी को तिहाड़ जेल में खतरा, ब्रिटेन नहीं करेगा भारत को प्रत्यर्पित


एजेंसी



**लंदन।** कथित टैक्स चोरी, मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी और रक्षा क्षेत्र के सलाहकार संजय भंडारी को ब्रिटेन, भारत को प्रत्यर्पित नहीं करेगा. लंदन हाईकोर्ट ने हाल ही में भारतीय व्यवसायी संजय भंडारी के भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ उनकी अपील को मंजूरी दी है. कोर्ट ने यह कहते हुए संजय भंडारी को भारत में प्रत्यर्पित करने पर रोक लगा दिया कि भंडारी को तिहाड़ जेल में संभावित खतरे का सामना करना पड़ सकता है. लंदन हाईकोर्ट ने शुक्रवार को संजय भंडारी की भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ की गयी अपील को स्वीकार कर लिया. न्यायमूर्ति टिमोथी होलोयडे और न्यायमूर्ति करेन स्टेन ने पिछले साल दिसंबर में सुनवाई के बाद मानवाधिकार के आधार पर 62 वर्षीय व्यवसायी की अपील को स्वीकार करते हुए अपना फैसला सुनाया. कोर्ट ने यह निर्णय लिया कि भंडारी को नवंबर 2022 में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट कोर्ट द्वारा जारी किये गये प्रत्यर्पण आदेश से मुक्त किया जाये.

**तिहाड़ जेल में भंडारी को खतरा**

लंदन हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रस्तुत सभी साक्ष्यों, विशेष रूप से नए साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला गया कि भंडारी को तिहाड़ जेल में अन्य कैदियों और जेल अधिकारियों से धमकी या हिंसा का वास्तविक खतरा हो सकता है. भंडारी का प्रत्यर्पण यूरोपीय मानवाधिकार संधि (ईसीएचआर) के अनुच्छेद 3 के तहत उनके अधिकारों का उल्लंघन करेगा. इस अनुच्छेद के तहत, भारत सरकार द्वारा दिए गए आश्वासनों के बावजूद, भंडारी को तिहाड़ जेल में दुर्व्यवहार और जबरन वसूली के गंभीर जोखिम का सामना करना पड़ सकता है. बता दें कि भारत ने भंडारी के खिलाफ दो प्रत्यर्पण अनुरोध किये हैं.



# अमेरिका में भी 'पुष्पा 2' के पीलिंग गाने की गूंज

**मुंबई।** दक्षिण भारत की फिल्म 'पुष्पा 2' काफी मशहूर हुई है। इस फिल्म को विदेशों में भी खूब पसंद किया गया। फिल्म के गाने भी काफी हिट रहे। फिल्म का गाना 'पीलिंग' बहुत मशहूर हुआ। एनबीए के ह्यूस्टन रॉकेट्स बनाम मिल्वौकी बक्स के हाफ-टाइम में प्रदर्शित किया गया। हाफ टाइम में इस गाने पर एक ग्रुप ने डांस किया। जिन लोगों ने गाने पर डांस किया उन्होंने नीली और गोल्डन ड्रेस पहनी थी। उन्होंने अपनी परफॉर्मेंस से फिल्म के स्टार अल्लू अर्जुन के प्रति सम्मान व्यक्त किया। 'पुष्पा 2' फिल्म पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई थी। फिल्म हिट रही थी। रिलीज होने के बाद यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

लाइफ Style



# अनन्या

## इन अभिनेत्रियों के निभाना चाहती हैं किरदार

अनन्या पांडे ने अपनी कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। हाल ही में अनन्या ने खुलासा किया कि वह करीना कपूर खान के किरदार पू और गीत को निभाना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि वह करीना द्वारा निभाए गए किरदारों में से कुछ भी नहीं कर पाएंगी।

अनन्या ने ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण की भूमिका का भी नाम लिया। हाल ही में दिए गए इंटरव्यू में अनन्या की फिल्म कॉल मी बे के डायरेक्टर कॉलिन डी'कुन्हा ने जब उनसे पूछा कि वह कौन से किरदार निभाना चाहेंगी। जवाब में अनन्या ने करीना कपूर खान की फिल्म कभी खुशी कभी गम की पू और जब वी मेट की गीत का नाम लिया, जो उनके दिल के सबसे करीब हैं। अनन्या ने कहा, मैं शायद करीना द्वारा किए गए काम का 0.1 प्रतिशत भी नहीं दे पाऊंगी, लेकिन वे बहुत मजेदार होंगे।

अनन्या ने आगे कहा की वह चमेली में करीना की भूमिका, लक बाय चांस में कोंकणा सेन शर्मा और ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण के किरदार को निभाने की चाहत रखती हैं। इसी इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे की फिल्म गहराइयां के निर्देशक शकुन बत्रा ने उनसे उनके ड्रीम रोल के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वह बायोपिक करना पसंद करेंगी। उन्होंने बताया कि उन्हें द क्राउन और स्पेंसर में प्रिंसेस डायना के किरदार देखने में मजा आया। अनन्या ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगी, लेकिन मुझे मधुबाला, मीना कुमारी और वहीदा रहमान जैसी 50 और 60 के दशक की मशहूर अभिनेत्रियों का किरदार निभाने की इच्छा है।

हॉलीवुड मसाला




# मुझे विश्वास नहीं हो रहा

**मुंबई।** बुधवार को हॉलीवुड के दिग्गज और ऑस्कर विजेता जीन हैकमैन का निधन हो गया। वह अपनी पत्नी बेट्सी अराकावा के साथ न्यू मैक्सिको स्थित अपने घर में मृत पाए गए। इस खबर ने दुनियाभर के सिनेमा प्रेमियों और इंडस्ट्रीज में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दुनियाभर के सेलेब्स ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अब बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेता की तस्वीरों का एक कोलाज शेयर किया और साथ में लिखा, 'विश्वास नहीं होता कि दुनिया में अब जीन हैकमैन नहीं रहे।



# शुरू हुई ऑस्कर अवॉर्ड की उल्टी गिनती

**लॉस एंजिल्स।** अकादमी अवॉर्ड जिसे ऑस्कर्स के नाम से जाना जाता है, वह हर साल अमेरिका में होता है। इसका संचालन 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट एंड साइंस' की तरफ से किया जाता है। अवॉर्ड शुरू होने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। यह अवार्ड 2 मार्च को अमेरिका में होगा। भारत में दर्शक इस प्रतिष्ठित अवार्ड को स्टार मूवीज और जियो हॉटस्टार पर भारत के टाइम के हिसाब से सुबह 5:30 बजे देख सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें लिखा है कि '97वां अकादमी अवार्ड तीन मार्च को सुबह 5:30 बजे सिर्फ जिओ हॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीम होगा।' इस शो को कॉमेडियन और पोडकास्टर कैनन ओ'ब्रायन होस्ट करेंगे। पिछले साल इस अवॉर्ड को जिम्मी कैमल ने होस्ट किया था।



# परिणीति ने शुरू की वेब सीरीज की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अब जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आएंगी, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। अनटाइटल्ड थ्रिलर-ड्रामा वेब सीरीज की शूटिंग को लेकर परिणीति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक अपडेट शेयर किया है। इस जानकारी से मिलने पर प्रशंसकों के बीच वेब सीरीज को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी पर सुबह शूटिंग के लिए सेट पर जाते हुए खास वीडियो शेयर किया है। शूटिंग लोकेशन का जिक्र किए बिना परिणीति ने कैप्शन में लिखा, 'चलो शूटिंग पर डे 7' जिससे पता चलता है कि शूटिंग शुरू हुए एक हफ्ता हो चुका है और शूटिंग का सातवां दिन है। इस सीरीज में परिणीति के अलावा सोनी राजदान, जेनिफर विंगेट, हरलीन सेठी और ताहिर राज भसीन नजर आएंगे।



# किआरा-सिद्धार्थ के यहां आने वाला है नन्हा मेहमान

**मुंबई।** कियारा आडवाणी सिद्धार्थ मलहोत्रा जल्द ही मां-बाप बनने वाले हैं। उन्होंने इसकी जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी है। जैसे ही उन्होंने ये जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दी वैसे ही बधाइयों का दौर शुरू हो गया। कई फिल्मी सितारे जिनमें आलिया भट्ट, सामांथा रुथ प्रभु, फरहान अख्तर और ईशान खट्टर शामिल हैं, ने उन्हें बधाई दी है। पोस्ट पर आलिया भट्ट ने दिल कमेंट किया है। करीना कपूर ने लिखा है 'आपका अच्छा वक्त आ रहा है। भगवान आप पर दया करे।' ईशान ने कमेंट किया 'बधाई हो दोस्तों! और आप जल्दी बड़े हो जाओ छोटे। आपका सफर आसान हो।' रश्मिका मंदाना ने लिखा 'आप दोनों को बधाइयां।' सामंथा ने लिखा 'ओ मेरे भगवान। मुबारक हो।' फरहान अख्तर ने लिखा 'मुबारक हो।' कियारा और सिद्धार्थ ने अपने ज्वाइंट इंस्टाग्राम पर लिखा 'मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा आ रहा है।'

टीवी मसाला

# लिखते-लिखते हमको नींद आ गई, वो वहीं तक रह गया

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। फेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम और ट्विटर पर वे खूब मजेदार पोस्ट शेयर करते हैं। हालांकि, कई बार उनके पोस्ट फैंस को हैरान कर देते हैं। ऐसा ही कुछ पिछले दिनों हुआ, जब बिग बी ने एक पोस्ट में लिखा, 'टाइम टू गो'। इसके बाद फैंस परेशान हो उठे और इस ट्वीट का मतलब पूछने लगे। सोशल मीडिया पर उनके रिटायरमेंट तक के कयास लगाए जाने लगे। हालांकि, बिग बी ने 'कौन बनेगा करोड़पति' में इस वायरल पोस्ट पर चुप्पी तोड़ी है और सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। अमिताभ बच्चन अपने क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के प्रोमो में अपने उस ट्वीट पर बात करते दिखे हैं। दरअसल, एक फैन बिग बी से उस पोस्ट का जिक्र करती हैं।



# पं. नरेन्द्र ने हिंदी सिनेमा के लिए लिखे 100 से ज्यादा गीत

**नई दिल्ली।** पंडित नरेंद्र शर्मा ने भारतीय हिंदी सिनेमा के लिए कुछ ऐसे गीत लिखे, जो हमेशा के लिए सदाबहार बन गए, जैसे सत्यम शिवम सुंदरम। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की परीक्षा पास की और अंग्रेजी साहित्य में एम.ए. किया।



नरेंद्र ने साल 1934 में 'अभ्युदय' अखबार प्रकाशित किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'हमारी बात' थी। वे ऑल इंडिया रेडियो की विविध भारती सेवा के संस्थापक भी रह चुके हैं।

### सत्यम शिवम सुंदरम से मिली पहचान

*नरेंद्र शर्मा को राज कपूर की फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम के इसी नाम से शीर्षक गाने की रचना के लिए जाना जाता है। इस गाने की सुंदरता, सत्य और इसकी दिव्यता के बारे में एक संदेश हैं। उस समय यह गाना इतना लोकप्रिय हुआ कि इस फिल्म के लिए नरेंद्र को उनका पहला फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।*

### अपना पिता मानती थीं लता मंगेशकर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लता मंगेशकर उन्हें अपने पिता के रूप में संबोधित करती थीं, जबकि उन्हें उनकी बेटी के रूप में संबोधित किया जाता था। ब्रिटेन के चैनल 4 के लिए नसरीन मुन्नी कबीर द्वारा निर्मित और निर्देशित लता मंगेशकर ने कहा था कि उन्होंने पंडित जी से बहुत कुछ सीखा है और उनकी सलाह के आधार पर जीवन की कई कठिनाइयों से निपट सकती हैं।

### महाभारत सीरियल के लिए भी लिखे गीत

प्रेम रोग, सत्यम शिवम सुंदरम, राधा कृष्ण, सागर, अफसर, ज्वार भाटा और हमारी बात के अलावा भी कई फिल्मों के लिए गाने लिखे। पंडित नरेंद्र शर्मा ने सौ से ज्यादा फिल्मों के लिए लिखा और लगभग सभी बड़े संगीत निर्देशकों और गायकों के साथ काम किया। वह टीवी सीरीज महाभारत के वैचारिक सलाहकार भी थे, जिसके लिए भी उन्होंने गीत लिखे थे। यह उनका आखिरी काम था और 12 फरवरी 1989 को, शो के ऑन-एयर होने के चार महीने बाद, 76 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई।


# पांच साल बाद कानूनी लड़ाई खत्म कर ली कंगना और जावेद अख्तर ने

तपन बक्सी ⏭ मुंबई

बहुत लोग जानते हैं कि 2020 से ही बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत और गीतकार-लेखक जावेद अख्तर के बीच कानूनी लड़ाई चल रही थी। 2016 में ऋतिक रोशन को लेकर कंगना रनौत एक विवाद में फंस गई थीं। उस समय, एक टीवी शो में कंगना ने दावा किया था कि अगर वह ऋतिक रोशन या उनके परिवार के खिलाफ कोई बयान देती हैं, तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी, ऐसा उन्हें जावेद अख्तर ने धमकाया था। न सिर्फ धमकी, बल्कि जावेद अख्तर ने कंगना के खिलाफ मानहानि का मुकदमा भी दायर किया था। करीब पांच साल तक यह मामला अदालत में चला, लेकिन अब दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया है। आज, मुंबई में कंगना रनौत ने जावेद अख्तर के साथ अपनी एक अनूठी तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की और लिखा – !आज जावेद जी और मैंने हमारे बीच चल रहे मानहानि के मुकदमे को खत्म कर दिया। जावेद जी हमेशा से बहुत दयालु और नेकदिल इंसान रहे हैं। उन्होंने वादा किया है कि वह मेरी अगली निर्देशित फिल्म के लिए गाने लिखेंगे।'



गौरतलब है कि पांच साल पहले, कंगना रनौत ने एक बयान में कहा था – 'जब ऋतिक रोशन के साथ मेरा विवाद सार्वजनिक हुआ था, तब एक दिन जावेद जी ने मुझे अपने घर बुलाया था। वहां उन्होंने मुझसे कहा था कि ऋतिक रोशन के पिता, राकेश रोशन और उनका परिवार बॉलीवुड में बहुत प्रभावशाली है। अगर तुमने उनसे माफी नहीं मांगी, तो तुम्हारे पास बचने का कोई रास्ता नहीं होगा। वे तुम्हें जेल भी भिजवा सकते हैं। तब तुम्हारे पास खुद को खत्म करने (आत्महत्या) के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचेगा।'



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.